अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान
56वीं वार्षिक रिपोर्ट

2011-2012

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान
नई दिल्ली - 110029

संयुक्त रूप से संपादित :

डॉ. संदीप अग्रवाला, बाल शल्यचिकित्सा विभाग
डॉ. संजय आर्य, अस्पताल प्रशासन विभाग एवं कुल सचिव
डॉ. रोहित भाटिया, तंत्रिका विज्ञान विभाग
डॉ. शक्ति कुमार गुप्ता, डॉ. रा.प्र. नेत्रविज्ञान केन्द्र
डॉ. राकेश लोढ़ा, बालरोग विभाग
डॉ. कल्पना लूथरा, जैवरसायन विभाग
डॉ. गोविन्द माखारिया, जठरांत्र रोग विज्ञान विभाग
डॉ. रामकृष्णन, हृदविज्ञान विभाग
डॉ. पीयूष साहनी, जठरांत्र शल्यचिकित्सा विभाग
डॉ. प्रताप शरण, मनोचिकित्सा विभाग
डॉ. राकेश यादव, हृदविज्ञान विभाग एवं उप-संकायाध्यक्ष (शैक्षिक)

मार्च 2013

शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम्

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (अ.भा.आ.सं.) की स्थापना सन 1956 में संसद के एक अधिनियम के द्वारा राष्ट्रीय महत्त्व के एक संस्थान के रूप में की गई थी। संस्थान की स्थापना का मुख्य उद्देश्य स्नातक-पूर्व तथा स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा में इसकी सभी शाखाओं में शैक्षिक पैटर्न विकसित करना, भारत में सभी मेडिकल कॉलेजों एवं अन्य संबद्ध संस्थानों के लिए चिकित्सा शिक्षा का एक उच्च स्तरीय निदर्शन करना; स्वास्थ्य कार्यकलापों की सभी महत्त्वपूर्ण शाखाओं में कार्मिकों के प्रशिक्षण हेतु सर्वोच्च स्तर की शैक्षिक सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना; तथा स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा में आत्मनिर्भरता प्राप्त करना था।

संस्थान में शिक्षण, अनुसंधान तथा रोगी उपचार हेतु व्यापक सुविधाएं हैं। संस्थान द्वारा स्नातक-पूर्व तथा स्नातकोत्तर स्तरों पर चिकित्सा तथा परा-चिकित्सीय पाठ्यक्रमों में शैक्षिक कार्यक्रम संचालित किए जाते हैं तथा अपनी ही डिग्रियाँ प्रदान की जाती हैं। यहां 52 विषयों में शिक्षण एवं अनु अग्रणी है। एक वर्ष में संस्थान के संकाय-सदस्यों तथा अनुसंधानकर्ताओं के 1500 से भी अधिक अनुसंधान प्रकाशन प्रकाशित हुए हैं। संस्थान द्वारा एक नर्सिंग कॉलेज भी चलाया जाता है, जिसमें छात्रों को बी.एस-सी. (ऑनर्स) नर्सिंग तथा बी.एस-सी. नर्सिंग (पोस्ट-प्रमाणपत्र) उपाधियों हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

सात अतिविशिष्टता केंद्रों एवं अडतीस नैदानिक विभागों द्वारा पूर्व एवं परा-नैदानिक विभागों की सहायता से सभी प्रकार की बीमारियों का व्यावहारिक रूप से उपचार किया जाता है। संस्थान द्वारा हरियाणा में बल्लभगढ़ में व्यापक ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्र में 50 बिस्तरों वाला एक अस्पताल भी चलाया जाता है जिसमें सामुदायिक चिकित्सा केंद्र के माध्यम से लगभग 7.7 लाख लोगों को स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की जाती हैं।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान - एक दृष्टि में

2011-2012

स्थापना वर्ष 1956

शिक्षण विभाग एवं केंद्र	52	चिकित्सा स्नातक	2596
संकाय सदस्य (स्वीकृत 823)	498	स्नातकोत्तर	7943
गैर-संकाय सदस्य (स्वीकृत 10847)	8702	नर्सिंग/पैरा मेडिकल स्नातक	2481
स्नातक-पूर्व छात्रों की संख्या	673	पत्रिकाओं/सार के रूप में प्रकाशन	1733
स्नातकोत्तर छात्रों की संख्या	1383	पुस्तकों/मोनोग्राफ्स में अध्याय	240

अस्पताल सेवाएं

अस्पताल/केंद्र	ओ.पी.डी. रोगी सं. (आपात सहित)	दाखिले	शल्य चिकित्सा (ऑ./प्र.)	बिस्तर (सामान्य)	बिस्तर (प्राइवेट)	कुल बिस्तर संख्या
मुख्य अस्पताल	1522821	77055	73851	982	165	1147
डॉ. रा. प्र. केन्द्र	397538	33881	32879	281	21	302
डॉ. बी.आर.ए.सं.रो.कैं.अ.	84071	28872	6085	167	15	182
हृदवक्ष केन्द्र	145497	11537	4252	174	32*	206
तंत्रिका विज्ञान केन्द्र	109504	6876	3129	174	31	205
एनडीडीटीसी	73070	875	0	50	0	50
सी. सी. एम.	218064	7527	1572	50	0	50
जय प्रकाश ना. ए. ट्रॉमा केंद्र	78077	4904	5052	186	0	186
सी.डी.ई.आर.	127896	143	10589	0	0	0
कुल	**2756538**	**171670**	**137383**	**2064**	**264**	**2328**

*एक बिस्तर (प्राइवेट) का उपयोग हृदवक्ष केन्द्र द्वारा 6 माह एवं तंत्रिकाविज्ञान केन्द्र द्वारा 6 माह के लिए किया गया।

अस्पताल में रहने की औसत अवधि (दिन)*	:	**5.5 दिन**
औसत बिस्तर अधिभोग (%)*	:	**81.6%**
शुद्ध मृत्यु दर(%)*	:	**2.2%**
संयुक्त अशोधित संक्रमण दर (%)*	:	**8.3%**

*ये आंकड़े केवल एम्स मुख्य अस्पताल के लिए हैं।

विषय-सूची

1. निदेशक की समीक्षा 1
2. संस्थान निकाय, एम्स 7
3. शैक्षिक अनुभाग 13
4. परीक्षा अनुभाग 21
5. सामान्य प्रशासन 26
6. मुख्य अस्पताल 28
7. नर्सिंग महाविद्यालय 50
8. अनुसंधान अनुभाग 58

9. विभाग

9.1 संवेदनाहरण विज्ञान 60
9.2 शरीर रचना विज्ञान 65
9.3 जैव रसायन 74
9.4 जैव आयुर्विज्ञान इंजीनियरी 84
9.5 जैव भौतिकी 88
9.6 जैव सांख्यिकी 93
9.7 जैव प्रौद्योगिकी 100
9.8 सामुदायिक चिकित्सा केंद्र 105
9.9 त्वचा एवं रतिज रोग विज्ञान 116
9.10 आपात चिकित्सा 120
9.11 अंतःस्राविकी एवं चयापचय 122
9.12 न्याय चिकित्सा 127
9.13 जठरांत्र रोग विज्ञान एवं मानव पोषण 131
9.14 जठरांत्र शल्य-चिकित्सा एवं यकृत प्रत्यारोपण 139
9.15 रुधिर विज्ञान 143
9.16 अस्पताल प्रशासन 149
9.17 प्रयोगशाला चिकित्सा 154
9.18 काय-चिकित्सा 167
9.19 सूक्ष्म जैव विज्ञान 174
9.20 वृक्क विज्ञान 185
9.21 नाभिकीय चिकित्सा 191
9.22 नाभिकीय चुंबकीय अनुनाद 193
9.23 प्रसूति एवं स्त्रीरोग विज्ञान 198
9.24 अस्थि रोग विज्ञान 213

9.25 कान, नाक एवं गला रोग विज्ञान (ई.एन.टी.) 218
9.26 बाल चिकित्सा विज्ञान 223
9.27 बाल शल्य चिकित्सा 247
9.28 विकृति विज्ञान 254
9.29 भेषजगुण विज्ञान 263
9.30 भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास 270
9.31 शरीर क्रिया विज्ञान 273
9.32 मनोचिकित्सा 282
9.33 पुल्मोनरी मेडिसीन एवं निद्रा विकार 288
9.34 विकिरण निदान 292
9.35 प्रजनन जैव विज्ञान 305
9.36 शल्य चिकित्सा 309
9.37 प्रतिरोपण प्रतिरक्षा विज्ञान एवं प्रतिरक्षा आनुवंशिकी 320
9.38 मूत्ररोग विज्ञान 326

10. केंद्र

10.1 हृदवक्ष विज्ञान केंद्र 332
10.2 दंत शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र 356
10.3 डॉ. बी. आर. अंबेडकर संस्थान रोटरी कैंसर अस्पताल 363
10.4 डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नेत्रविज्ञान केंद्र 386
10.5 जय प्रकाश नारायण एपेक्स ट्रॉमा केंद्र 402
10.6 राष्ट्रीय औषध निर्भरता उपचार केंद्र (एनडीडीटीसी) 432
10.7 तंत्रिका विज्ञान केंद्र 439

11. केंद्रीय सुविधाएं

11.1 बी. बी. दीक्षित पुस्तकालय 463
11.2 कैफेटेरिया 466
11.3 केंद्रीय पशु सुविधा 469
11.4 केंद्रीय कार्यशाला 472
11.5 कंप्यूटर सुविधा 475
11.6 इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी सुविधा 481
11.7 छात्रावास अनुभाग 484
11.8 इंस्टीट्यूशन एथिक्स कमेटी 487
11.9 के. एल. विग आयुर्विज्ञान शिक्षा एवं प्रौद्योगिकी केंद्र 490

12. प्रकाशन 493

13. वित्त प्रभाग

13.1 बजट एवं वित्त 590
13.2 लेखा-परीक्षा रिपोर्ट 646

शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम्

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान

संगठन संरचना

संस्थान निकाय

↓

शासी निकाय

↓

- वित्त समिति
- चयन समिति
- शैक्षिक समिति
- संपदा समिति
- अस्पताल प्रबंध समिति

1. निदेशक की समीक्षा

मुझे वर्ष 2011–2012 के लेखों का लेखा परीक्षित विवरण तथा 56वीं वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए अत्यंत प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) परिवार की उपलब्धियां, शिक्षा, अनुसंधान तथा सेवा के मुख्य महत्त्व के प्रति साझी प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। मुझे इस रिपोर्ट में पिछले कुछ वर्षों की विशिष्ट उपलब्धियों में से कुछ उपलब्धियों को सहर्ष प्रदर्शित करते हुए खुशी हो रही हैं और मुझे एम्स परिवार के अनेक सदस्यों के प्रति जो कई प्रकार से एम्स की सेवा में संलग्न है, का आभार व्यक्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

भारत में स्नातकोत्तर एवं स्नातकपूर्व स्वास्थ्य उपचार शिक्षा हेतु एक मजबूत पाठ्यक्रम आधार का विकास करने के उद्देश्य से भारतीय संसद द्वारा 1956 में एक अधिनियम द्वारा स्थापित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) उच्च स्तरीय स्वास्थ्य उपचार शिक्षा, अनुसंधान एवं सेवा के मानदण्ड प्राप्त करने में सतत प्रयासरत है। इसे भारत तथा पूरे विश्व में एक ऐसे स्वास्थ्य उपचार संस्थान के रूप में मान्यता प्राप्त हुई है, जिसमें सर्वश्रेष्ठ आयुर्विज्ञान शिक्षा के साथ अद्यतन अनुसंधान और गुणवत्ता स्वास्थ्य उपचार का श्रेष्ठ सम्मिश्रण है।

शिक्षा : भारत में अग्रणी एवं वैश्विक साझेदारी की ओर बढ़ते कदम

संस्थान में 10,000 से अधिक कार्मिक शक्ति है जिसमें 750 संकाय सदस्यों सहित रेजीडेंट डॉक्टर, नर्सें, परा–चिकित्सा कर्मी, वैज्ञानिक, गैर–चिकित्सीय अधिकारीगण तथा स्टाफ सदस्य सम्मिलित हैं। संस्थान द्वारा बड़ी संख्या में विशेषज्ञों (एम डी/एम एस), उच्च–विशेषज्ञों (डी एम/एम सी एच), पी–एच. डी. स्कॉलर तथा संबद्ध स्वास्थ्य एवं आधारभूत विज्ञान विशेषज्ञों और नर्सों तथा परा–चिकित्सा कर्मियों को तैयार किया जाता है। वर्श 2011–2012 में संस्थान द्वारा विभिन्न विषयों में 465 डिग्रियां प्रदान की गईं। संस्थान द्वारा अपनी अल्पकालीन प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत 649 प्रशिक्षुओं को अल्पकालीन तथा 5 प्रशिक्षुओं को दीर्घकालीन स्नातकोत्तर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त संस्थान में वि.स्वा.सं. फैलोशिप कार्यक्रम के तहत 32 वि. स्वा.सं. फैलो (विदेशी नागरिक), डब्ल्यू एच ओ–इन–कंट्री फैलोशिप प्रशिक्षण कार्यक्रम (2011–12) हेतु 12 वि.स्वा.सं. फैलो (भारतीय नागरिक), 51 स्नातकोत्तर एवं 35 स्नातकपूर्व विदेशी नागरिकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

भविष्य के अग्रणीय चिकित्सकों को तैयार करने के लिए, संस्थान द्वारा लगातार समीक्षा की जाती है कि किस प्रकार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर आधारित चिकित्सा को पढ़ाया जाता है। संस्थान द्वारा यह प्रयास रहता है कि प्रतिबद्ध प्रशिक्षण द्वारा विश्व में आयुर्विज्ञान शिक्षा की सर्वश्रेष्ठ तकनीकों को विवेकपूर्ण ढंग से भारत में समेकित किया जाए। वर्ष 2011–12 के दौरान एम्स तथा मीजी फार्मास्युटिकल युनिवर्सिटी, जापान द्वारा स्वास्थ्य विज्ञान के आपसी सहमति के क्षेत्रों के सहयोगी विकास हेतु एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। सहयोग के क्षेत्रों में दोनों संस्थानों में संकाय सदस्यों का आदान–प्रदान, छात्रों का प्रशिक्षण एवं उनका आदान–प्रदान, अनुसंधान गतिविधियों में सहयोग, आपसी सहमति के विषयों पर शैक्षिक कार्यक्रमों का आयोजन तथा अनुसंधान और अनुभव पर आधारित वैज्ञानिक ज्ञान को साझा करना, सम्मिलित है। संस्थान द्वारा वर्ष के दौरान फुप्फुसी चिकित्सा, शल्यक अर्बुदविज्ञान एवं जरा चिकित्सा में नए स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (डी एम, एम सी एच, एम डी) भी आरंभ किए गए। छात्रों और रेजीडेन्ट डॉक्टरों के लाभ के लिए प्रायोगिक प्रयोगशालाओं तथा शल्यक स्थितियों में व्यावहारिक कौशल विकास सहित आयुर्विज्ञान शिक्षा हेतु चिकित्सा अनुरूपण पद्धतियों के माध्यम से नए कौशल अभिग्रहण पद्धतियों को क्रियान्वित किया जा रहा है। ग्रामीण एवं जन–स्वास्थ्य व्यवहारों में स्नातकपूर्व तथा स्नातकोत्तर छात्रों दोनों के लिए प्रशिक्षण देने हेतु हमारे पास बल्लभगढ़ समुदाय अस्पताल में एक सशक्त ग्रामीण स्वास्थ्य उपचार प्रशिक्षण कार्यक्रम भी है।

यह संस्थान की सक्रियता सहित अग्रणीय चिकित्सकों, बौद्धिक कठोरता तथा 21वीं सदी के स्वास्थ्य उपचार हेतु उपयुक्त व्यावसायिकता के साथ विकसित करने के प्रति एकनिष्ठ समर्पण का ही परिणाम है कि संस्थान ने इंडिया टूडे के सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा महाविद्यालय के सर्वेक्षण में अपना सर्वोच्च स्थान बनाए रखा जबकि इस लीग तालिका में बाद के स्थानों पर बड़े बदलाव देखे गए। एम्स, निम्नलिखित मानदण्डों के बड़ी संख्या में किए मूल्यांकन में भारत का सबसे अधिक सम्मानित संस्थान बना रहा। ये मानदण्ड थेः—निधिकरण, स्टाफ, छात्र, महत्त्व, प्रतिष्ठा, शिक्षण, अनुसंधान और नैदानिक उपचार। हमारे स्कॉलरों द्वारा भारत तथा विदेश में चिकित्सा, विज्ञान एवं शिक्षा और जैव आयुर्विज्ञान प्रयोगशालाओं के संस्थानों का नेतृत्व किया जाता है। विशेषतः उन्होंने राष्ट्रीय महत्व के स्वास्थ्य उपचार विषयों पर कई विशेषज्ञ समूहों को भी सहयोग प्रदान किया। इसलिए इस बात पर कोई हैरानी नहीं होगी कि केन्द्र सरकार द्वारा विभिन्न राज्यों में हाल ही में खोले गए छः एम्स जैसे संस्थानों में हमारे पाठ्यक्रम पर आधारित एम.बी.बी.एस. पाठ्यक्रम डिजाइन किए गए। एम्स संस्थान में वास्तविक शिक्षा प्राप्ति वातावरण की स्थापना एवं संप्रेषण प्रौद्योगिकी का प्रयोग करके राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क के साथ सहयोग के माध्यम से इन संस्थानों का पोषण एवं संरक्षण करने में एक बड़ी भूमिका निभाने वाला है।

एक ऐसी संस्कृति, जो मूल्यों को बढ़ावा देती है और विविधता के समावेश, संरक्षण तथा सेवा को उन्नत करने को प्रोत्साहित करने के प्रयास में, संस्थान द्वारा विविध छात्र समुदाय के हितों की रक्षा करने के लिए एक छात्र कल्याण अधिकारी की नियुक्ति की गई है। नए दाखिल हुए एम बी बी एस छात्रों के व्यक्तित्व एवं शैक्षिक समृद्धि के लिए एक नए पूर्वाभिमुखीकरण कार्यक्रम को भी अंतिम रूप दिया गया है।

अनुसंधानः भारतीय परिदृश्य के साथ उत्कृष्ट अनुसंधान

संस्थान उच्च गुणवत्ता के आधारभूत एवं नैदानिक अनुसंधान के लिए प्रतिबद्ध हैं। वर्ष 2011—12 में 600 से अधिक अनुसंधान परियोजनाएं संचालित की गई और संस्थान द्वारा 65 करोड़ रुपये से अधिक के बाहरी अनुसंधान अनुदान प्राप्त किए गए जो कि पिछले वर्ष से 25% से अधिक की विश्वसनीय वृद्धि है। हमारे संकाय सदस्य अग्रणीय तथा आधुनिक जैव—आयुर्विज्ञानी क्षेत्रों जैसेः— संरचनात्मक जैवविज्ञान, वायरल हेपेटाइटिस, प्रतिरक्षाविज्ञान, जैवप्रौद्योगिकी, विषाणु विज्ञान, नवजात विज्ञान, भ्रूण चिकित्सा, मधुमेह, जानपदिकरोगविज्ञान तथा कैंसर में महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान अनुदानों को प्राप्त करने में सफल रहे हैं। आशा है कि इन परियोजनाओं के प्रभावशाली परिणाम सामने आएंगे और हमारी जनता को इससे लाभ मिलेगा। वर्ष के दौरान संस्थान के संकाय—सदस्यों एवं वैज्ञानिकों ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में 1700 से अधिक अनुसंधान पत्र तथा 250 से अधिक मोनोग्राफ, पुस्तकों में अध्याय और पुस्तकें प्रकाशित कीं। वर्ष के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा 150 से अधिक राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिकित्सा सम्मेलन, कार्यशालाओं तथा क्रमिक आयुर्विज्ञान शिक्षा कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

नवीन स्वास्थ्य उपचार उत्पादों को वहन करने योग्य लागत पर उपलब्ध कराने वाली परियोजनाओं को विकसित करने एवं अनुसंधान में सहयोग प्रदान करने हेतु एम्स वैलकम ट्रस्ट, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग तथा भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद, भारत सरकार के साथ अपनी भागीदारी में लगातार सक्रिय है। इसी प्रकार एम्स जैव प्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय एवं स्टेनफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा वित्त पोषित स्टेनफोर्ड—इंडिया बायोडिजाइन कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आ रहा है। राष्ट्रीय निकाय जैसेः— भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद द्वारा एम्स के विभिन्न विभागों से जन महत्व तथा राष्ट्रीय सम्बद्धता के स्वास्थ्य विषयों पर अध्ययन संचालित करने का नियमित रूप से अनुरोध किया जाता है।

संस्थान द्वारा स्थानान्तरीय भेदन को तीव्र करने के लिए चिकित्सा विषयों में एकीकरण एवं सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए अत्यधिक पहल की गई। कन्वर्जेन्स केन्द्र द्वारा रोगियों को नई उपचार विधियों में गति लाने हेतु नए तरीकों की खोज के लिए व्यापक नैदानिक तथा स्थानान्तरीय सहयोगों को प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके द्वारा एम्स में नैदानिक अनुभवों सहित विभिन्न अनुसंधान गतिविधियों हेतु डाटाबेस जनित करके एवं शरीर रचना विज्ञान, विकृति विज्ञान, शरीरक्रिया विज्ञान, जैव रसायन, भेषजगुण विज्ञान और सूक्ष्म जैव विज्ञान विभागों हेतु आंतरिक अतिरिक्त सुविधाओं के लिए ज्ञान–केन्द्र के रूप में सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

पशु–अनुकूल आधार संरचना को विकसित करने के प्रयास में एम्स द्वारा अपनी केन्द्रीय पशु सुविधा में रह रहे पशुओं के लिए अहातों एवं उनके घेरे के स्थान को उन्नत किया गया है। कुछ वृद्ध पशुओं का संजय गाँधी पशु उपचार केन्द्र में भी पुनर्वास किया गया। संस्थान द्वारा अपने तकनीकी सहायकों हेतु पशु अनुरक्षण एवं स्वास्थ्य पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आरंभ किया गया।

संस्थान में अनुसंधान तथा शिक्षण के कार्य के लिए महत्वपूर्ण है कि चिकित्सकों और वैज्ञानिकों की अगली पीढ़ी को शिक्षित करने हेतु प्रभावी नई पद्धतियों को विकसित करने का एक निरंतर अभियान चलाया जाए जिसमें उन्हें यह सिखाया जाए कि तेजी से विकसित हो रहे स्वास्थ्य उपचार व्यवसाय अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए कला और चिकित्सा विज्ञान दोनों का ही व्यवहार में समावेश किस प्रकार किया जाए। इस प्रयास को प्रारंभ करने के लिए, संकायाध्यक्ष एवं उप–संकायाध्यक्ष, अनुसंधान के अंतर्गत अनुसंधान अनुभाग को बढ़ाया गया एवं पुनर्व्यवस्थित किया गया। इन प्रयासों की सफलता को स्पष्ट रूप से निदर्शित करते हुए, आघात, मस्तिष्क अर्बुद, मूल कोशिका अध्ययनों, औषध डिजाइनिंग, प्रोटीन अनुसंधान, आनुवंशिकी तथा प्रतिरक्षाविज्ञान जैसे क्षेत्रों में 126 नई परियोजनाएं आरंभ करने के लिए प्रतिभाशाली युवा संकाय सदस्यों को 3 करोड़ रुपये की अंतरंग अनुदान राशि वितरित की गई।

अनुसंधान कार्य के अद्धितीय आकार तथा विस्तार से कभी–कभी लम्बे समय, देर रात तक कार्य, पूरी जानकारी, बाधाओं एवं अग्रिमों की अनगिनत कहानियां धुंधली हो जाती है। निम्नवर्णित अनुसंधान, एम्स में पर्यवेक्षण तथा खोज के विस्तार की झलक मात्र दर्शाते हैं। बाल चिकित्सा विभाग द्वारा एक ऐसी दवाई तैयारी की गई है जिससे शिशु श्वसन पीड़ा लक्षण (आई आर डी एस) से नवजात मृत्युओं को रोका जा सकता है। अस्थिरोग विभाग द्वारा एक नई गैर–शल्यक उपचार तकनीक विकसित की गई है जिसमें गैर–उपचारात्मक फ्रैक्चरों में अस्थि ग्राफ्ट शल्य चिकित्सा के विकल्प के रूप में फ्रैक्चर वाले स्थान में प्लेटलेट के इंजैक्शन लगाए जाते हैं। भारत के बहुकेन्द्रीय अध्ययन के एक भाग के रूप में हृद्विज्ञान विभाग द्वारा प्रदर्शित किया गया है कि बैलून जैसे एक यंत्र–सीक्वप्लास्टी, जो कि दवाओं से लेपित होता है, यह यंत्र कई रोगियों में स्टेंट का एक अच्छा प्रतिस्थापन हो सकता है। संस्थान में अर्बुदविज्ञानियों द्वारा कीमोथेरेपी की गंभीरता, जिससे मिचली तथा उलटी होती है, को कम करने में अदरक की जड़ के चूर्ण की उपयोगिता का निदर्शन किया गया। भेषजगुणविज्ञान विभाग द्वारा संचालित एक पशु अध्ययन में यह परामर्श दिया गया है कि रूमेटॉइड आर्थराइटिस का उपचार करने में धनिया महत्वपूर्ण चिकित्सीय भूमिका निभाता है। नैदानिक मनोचिकित्सकों द्वारा संचालित एक अध्ययन में यह परामर्श दिया गया कि नियम तथा विनियमों को सख्ती से लागू करने, प्रयोक्ता–अनुकूल जन परिवहन तथा व्यावहारिक (जैसेः– भीड़ के समय यात्रा न करना, वैकल्पिक मार्गों का चयन करना) एवं भावनात्मक (जैसेः–संगीत सुनना, किसी का ध्यान भंग करना) नीतियों को अपनाने से सड़क पर होने वाले झगड़ों के मामलों को रोकने में मदद मिल सकती है।

भारत तथा विदेश में जैव आयुर्विज्ञान चिकित्सा में महान सफल व्यक्तियों को एक श्रद्धांजलि के रूप में, एम्स द्वारा निम्नलिखित वैज्ञानिक एवं चिकित्सकों को प्रतिष्ठित व्याख्यान (डॉ. उर्मिल बी.के. कपूर व्याख्यान, डॉ. एल.के. भूटानी व्याख्यान, आचार्य केशो राम लोमास मेमोरियल व्याख्यान, सर्वेश्वरी मेमोरियल व्याख्यान तथा एन. गोपीनाथ व्याख्यान) प्रदान किए गएः– डॉ. मेयिल वाहनान नटराजन, कुलपति, तमिलनाडू एम जी आर विश्वविद्यालय, चेन्नई, डॉ. वाई.के. चावला, निदेशक, पी जी आई एम ई आर, चण्डीगढ़; डॉ. सुजॉय के. गुहा, आचार्य, जैव आयुर्विज्ञान इंजीनियरी, आयुर्विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विद्यालय, आई आई टी खडगपुर, डॉ. तकेशी कवासे, मानद आचार्य, तंत्रिका शल्य चिकित्सा विभाग, आयुर्विज्ञान विद्यालय, किइयो विश्वविद्यालय, टोक्यो तथा डॉ. क्षितिज कपूर, संकायाध्यक्ष एवं विद्यालय–अध्यक्ष, मनोचिकित्सा संस्थान, किंग्स कॉलेज, लंदन, यू के। यह ध्यान देने योग्य है कि डॉ. क्षितिज कपूर ने एम्स में स्नातकपूर्व के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

नैदानिक उपचारः संवेदना सहित गुणवत्ता

एम्स मुख्य अस्पताल एवं इसके केन्द्रों– हृद्वक्ष एवं तंत्रिका विज्ञान केन्द्र (हृ.तं.कें.), जय प्रकाश नारायण एपेक्स ट्रॉमा केन्द्र (जे.पी.एन.ए.टी.सी.), डॉ. बी.आर. अम्बेडकर संस्थान रोटरी कैंसर अस्पताल (डॉ. बी.आर.ए.सं.रो.कैं.अ.), डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नेत्रविज्ञान केन्द्र (आर.पी.सी.ओ.एस.), दंत शिक्षा एवं अनुसंधान केन्द्र (सी.डी.ई.आर.) तथा व्यवहारपरक विज्ञान केन्द्र (राष्ट्रीय औषध निर्भरता उपचार केन्द्र, एन.डी.डी.टी.सी.) के बिस्तरों की संख्या दिवस उपचार बिस्तरों सहित कुल 2424 है। वर्ष 2010–2011 के दौरान, संस्थान में 25 लाख से अधिक ओ.पी.डी. रोगियों को देखा गया, लगभग 1.7 लाख रोगियों को भर्ती किया गया और 1.4 लाख ऑपरेशन निष्पादित किए गए जिसमें अत्यधिक जटिल ऑपरेशन भी सम्मिलित थे। संस्थान द्वारा रोगी उपचार सेवाओं में आदर्श पैरामीटर बनाए रखे गए जिसमें औसत बिस्तर अधिभोग 80% से अधिक तथा अस्पताल में भर्ती रहने का औसत लगभग 6 दिन है। एम्स अस्पताल में सकल मृत्यु दर 3 प्रतिशत से भी कम दर्ज की गई है। अपने विशेष अभिगम के साथ, एम्स समुदाय बिना किसी सीमाओं के विकाशशील विश्व को अंगीकार कर रहा है। संस्थान में उपचार हेतु आने वाले विदेशियों विशेषकर दक्षिणी एवं दक्षिणी–पूर्वी एशिया से आने वाले रोगियों की संख्या में निरन्तर वृद्धि हो रही है। यह प्रवृत्ति प्रमुख रूप से तंत्रिकाशल्य चिकित्सा विभाग, अस्थिरोग विज्ञान विभाग, अर्बुद्ध विज्ञान विभाग एवं शल्यचिकित्सा विभाग में थी।

झज्जर, हरियाणा में नए एम्स परिसर का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। सेवाएं उपलब्ध करवाने के अलावा इस परिसर में संक्रामक रोगों, आणविक कायचिकित्सा, पोषण, कैंसर सहित गैर–संचारी रोगों के नियंत्रण, टीका विकास एवं पुनर्जननात्मक विज्ञानों में उत्कृष्ट केन्द्र होंगे। वृद्धों के स्वास्थ्य उपचार हेतु राष्ट्रीय कार्यक्रम (एन.पी.एच.सी.ई.) को स्पोर्ट करने के लिए संस्थान में एक जराचिकित्सा विभाग प्रारंभ किया गया। एन.पी.एच.सी.ई. कार्यक्रम द्वारा वृद्धावस्था वार्डों, पुनर्वास केन्द्रों एवं जिला स्वास्थ्य उपचार डिलीवरी सिस्टम में विभिन्न स्तरों पर वृद्धावस्था क्लिनिकों की स्थापना पर विचार किया जाता है; और वृद्धावस्था में निवारक, उपचारात्मक एवं पुनर्वासात्मक हस्तक्षेप आरंभ किया जाता है।

प्रौद्योगिकी में हुई प्रगति के साथ अपने को बनाए रखते हुए, संस्थान में अपने वर्तमान गामा नाइफ के स्थान पर मस्तिष्क विकारों के उपचार हेतु एक नए गामा नाइफ की स्थापना की गई है। गामा नाइफ उपचार में मस्तिष्क में एक लघु एवं गंभीर रूप से लक्षित स्थान पर एक सिंगल और विकिरण की एक उच्च्य खुराक देना सम्मिलित होता है। नई अति–आधुनिक मशीनें उपचार की पहुंच को एनाटॉमीक्ल ढ़ांचों में एक बड़े क्षेत्र में विस्तार प्रदान करती हैं। नई प्रौद्योगिकी के कारण कम आघात, तीव्र स्वास्थ्य लाभ, अस्पताल में भर्ती रहने की कम अवधि एवं बहुत कम सर्जरी से संबंधित जटिलता होती हैं। संस्थान द्वारा एक नई इंट्रा–ऑपरेटिव एम.आर.आई. मशीन भी प्राप्त की गई है जिसको 'ब्रेन स्यूट्स' के रूप में भी जाना जाता है, जो कि मस्तिष्क के ऑपरेशनों के परिणामों में सुधार लाने तथा तीव्रता से स्वास्थ्य लाभ को सुनिश्चित करने में सहायता करेगी। यह चिकित्सकों

को ऑपरेशन करते समय मस्तिष्क के क्षेत्र के मल्टीप्ल 3 डी– स्कैन को साक्षात देखने में सक्षम करेगी जिसके कारण सर्जरी की परिशुद्धता में बढ़ोतरी होगी। एक तेज, और अधिक विशुद्ध एवं विस्तृत 3–डी इमेजिंग प्रौद्योगिकी ब्रेस्ट टोमोस्न्थिेसिस के आ जाने से स्तन कैंसर का पता अच्छी तरह से लगाया जा सकेगा जो कि अब संस्थान में उपलब्ध है। ब्रेस्ट टोमोस्निथेसिस तकनीक पारम्परिक इमेजिंग और एम.आर.आई. एवं सी.टी. स्कैन जैसी उत्कृष्ट इमेजिंग तकनीकों के बीच के फासले को पाटती है। संस्थान द्वारा विकृतिविज्ञान एवं प्रयोगशाला कायचिकित्सा में रोगों के निदान के साथ–साथ कोशिका जीवविज्ञान, टीका विकास एवं जैव प्रौद्योगिकी में अनुसंधान में प्लेटफार्म आधारित तकनीकों का प्रयोग किया गया है। इन नव–परिवर्तनों से उच्च गुणवत्ता वाले रोगी उपचार की प्राप्ति देश में प्रत्येक नागरिक की पहुंच में हो गयी है।

स्वास्थ्य एवं स्वास्थ्य उपचार प्रदान करने में आधुनिकीकरण में लोगों की मुख्य भूमिका होनी चाहिएं। संस्थान की अद्धितीयता उसके क्रियाकलापों में व्यक्ति–केन्द्रीत होने से प्रतिपादित होती है। दवा प्राप्ति पर लोक–व्यय को बढ़ाने से निःशुल्क आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में सर्वव्यापक स्वास्थ्य विस्तार सिफारिश पर योजना आयोग के विशेषज्ञ समूह की नीति को विचार में रखते हुए संस्थान की शासी निकाय तथा संस्थान निकाय द्वारा एक सुव्यवस्थित औषधि प्रबंधन सिस्टम की स्थापना हेतु एक योजना अनुमोदित की गई है, जिसके तहत एक फार्मेसी ''आवश्यक दवाइयां'' रोगियों को निःशुल्क प्रदान करेगी। इसके अलावा अस्पताल में चौबीस घंटे कार्यरत दवाइयों की एक दुकान इस शासनादेश से खोली गई है जहां पर एम्स के बहिरंग विभाग के रोगियों को लिखी गई सभी दवाइयां और ऑपरेशन का सामान अधिकतम खुदरा मूल्य पर 56% छूट के साथ उपलब्ध करवाया जाएगा। संस्थान निकाय द्वारा यह भी निर्णय लिया गया है कि सभी बी.पी.एल. कार्डधारकों (गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले) को निःशुल्क उपचार उपलब्ध करवाया जाए। संस्थान द्वारा अपनी सभी नैदानिक सेवाओं और डी.एन. ए. प्रयोगशाला को मानकीकृत सेवाओं हेतु नेशनल एक्रीडिएशन बोर्ड फार टेस्टिंग एंड कैलीबरेशन लैब्रोट्ररिज (एन.ए.बी.एल.) द्वारा प्रत्यायित करवाने का निर्णय भी लिया गया।

संस्थान के चिकित्सकों एवं स्टाफ सदस्यों द्वारा बीमारी से पीड़ित मानव के उत्थान की सेवा में अपनी जानकारी एवं सृजनात्मकता का आपस में आदान–प्रदान किया जबकि पहले ऐसा कभी नहीं हुआ। हृद्वक्ष सर्जरी, न्यूरो सर्जरी, अस्थिरोग, नेत्र सर्जरी, मधुमेह, रोबोटिक एवं न्यूनतम रक्तस्राव सर्जरी में अग्रणीय रोगी उपचार सेवा की गई। ट्रॉमा केन्द्र के चिकित्सकों द्वारा तीव्र एवं आपात उपचार चिकित्सा हेतु मार्गदर्शी सिद्धांत तथा एक सुरक्षित चिकित्सा प्रोटोकोल विकसित किया गया। नाक, कान, गला रोग विभाग (ई.एन.टी.) के चिकित्सकों द्वारा भारत में गले के कैंसर की प्रथम रोबोटिक सर्जरी की गई। इन चिकित्सकों द्वारा सर्जरी हेतु ट्रांसओरल रोबोटिक रूट का उपयोग किया गया जिसमें रोबोट का हाथ मुंह के रास्ते गले के अंदर जाता है और कोई भी बाहरी चीरा नहीं लगाया जाता है। भारत में विभिन्न राज्यों में औषध व्यसन की गंभीर समस्या से निपटने हेतु एक अति सक्रिय कार्यक्रम के दौरान संस्थान के राष्ट्रीय औषध निर्भरता उपचार केन्द्र तथा संयुक्त राष्ट्र औषध एवं अपराध कार्यालय द्वारा भटिण्डा, कपूरथला, दिल्ली, मुम्बई तथा ईम्फाल में नशा करने वालों के लिए एक मैथाडॉन अनुरक्षण उपचार कार्यक्रम चलाया गया। संस्थान द्वारा निरंतर रूप से आम जनता के लिए उपयोगी स्वास्थ्य विषयों पर नेतृत्व की भूमिका निभायी गई। समेकित बाल विकास सेवाओं, आयोडीन न्यूनतः रोग उपचार कार्यक्रम, प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य, डायरिया रोग, एड्स नियंत्रण एवं असंक्रमणीय रोगों सहित राष्ट्रीय कार्यक्रमों में संस्थान द्वारा अत्यधिक योगदान दिया गया।

हमारा सामुदायिक चिकित्सा केन्द्र प्राथमिक उपचार एवं स्वास्थ्य प्रणाली आधुनिकीकरण, शिक्षा एवं नीति में अग्रणीय विशेषज्ञों को प्रशिक्षित करने हेतु अपने अभियान में सक्रिय रूप से कार्यरत है। केन्द्र के संकाय सदस्य प्राथमिक उपचार, संक्रमण रोग,

मातृत्व एवं नवजात स्वास्थ्य, सर्जरी, असंक्रमणीय रोग तथा स्वास्थ्य प्रणालियों जैसे अनेक क्षेत्रों में केन्द्रीकृत होकर कार्यरत है। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नेत्र विज्ञान केन्द्र राष्ट्रीय अंधता निवारण कार्यक्रम में मुख्य भूमिका निभाता आ रहा है।

संसद द्वारा संस्थान को दिये गए शासनादेश के अनुरूप सेवाएं उपलब्ध कराने में संस्थान द्वारा ईमानदारी से प्रयास किये जा रहे हैं। देशवासियों को गुणवत्ता आधारित स्वास्थ्य उपचार सेवा प्रदान करने के सरकार के कार्यक्रम को सहयोग प्रदान करने के प्रति संस्थान प्रतिबद्ध है। मुझे आशा है कि संकाय–प्रतिभा के विशाल भंडार, रोगियों, विस्तृत सहयोगी नेटवर्क तथा राष्ट्र के प्रति वचनबद्धता के परिणामस्वरूप संस्थान द्वारा शिक्षा अनुसंधान तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय समुदायों को सेवाएं प्रदान करने में नेतृत्व की भूमिका निभाई जाती रहेगी।

रमेश डेका

आचार्य आर.सी. डेका

निदेशक, अ.भा.आ.सं.

2. संस्थान और इसकी समितियां

संस्थान निकाय

1.	**श्री गुलाम नबी आजाद** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री निर्माण भवन, नई दिल्ली-110011	अध्यक्ष
2.	**श्रीमती सुषमा स्वराज, सांसद (लोक सभा)** 8, सफदरजंग लेन, नई दिल्ली-110011	सदस्य
3.	**श्री मोतीलाल वोरा, सांसद (राज्य सभा)** 33, लोधी एस्टेट, नई दिल्ली-110011	सदस्य
4.	**डॉ. ज्योति मिरधा, सांसद (लोक सभा)** 31, मीना बाग, नई दिल्ली 875, सेक्टर-17बी, गुड़गांव, हरियाणा 122001	सदस्य
5.	**प्रो. दिनेश सिंह** कुलपति, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली 110007	सदस्य (पदेन)
6.	**श्री के. चंद्रमौली** सचिव (स्वास्थ्य), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार, निर्माण भवन, नई दिल्ली-110011	सदस्य (31 अगस्त 2011 तक)
	श्री अनिल कुमार सचिव (स्वास्थ्य), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार, निर्माण भवन, नई दिल्ली-110011	सदस्य (14 अक्टूबर से 16 नवम्बर 2011 तक)
	श्री पी.के. प्रधान सचिव (स्वास्थ्य), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार, निर्माण भवन, नई दिल्ली-110011	सदस्य (17 नवम्बर 2011 से)
7.	**डॉ. आर. के. श्रीवास्तव** महानिदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं, भारत सरकार, निर्माण भवन, नई दिल्ली-110011	सदस्य (पदेन) (30 नवम्बर 2011 तक)
	डॉ. जगदीश प्रसाद महानिदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं, भारत सरकार, निर्माण भवन, नई दिल्ली-110011	सदस्य (पदेन) (1 दिसम्बर 2011 से)

8. **डॉ. एम.के. भान** सदस्य
सचिव, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, 7वां तल,
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, सी जी ओ कॉम्प्लेक्स
लोधी रोड, ब्लॉक 2, नई दिल्ली - 110003

9. **डॉ. एस. पी. अग्रवाल** सदस्य
महा सचिव, इण्डियन रेड क्रॉस सोसायटी,
रफी मार्ग, नई दिल्ली

10. **प्रो. के. सी. पांडे** सदस्य
प्राणी विज्ञान विभाग, लखनऊ यूनिवर्सिटी,
लखनऊ 226007

11. **सुश्री विभा पुरी दास** सदस्य
सचिव,
उच्चतर शिक्षा विभाग,
मानव संसाधन विकास मंत्रालय,
शास्त्री भवन, नई दिल्ली - 110001

12. **प्रो. के. के. तलवार** सदस्य
अध्यक्ष,
राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान अकादमी,
अंसारी नगर, नई दिल्ली 110029

13. **प्रो. आर. ए. बड़वे** सदस्य
निदेशक,
टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, डॉ. ई. बॉरजेस रोड
लोवर पारेल, मुंबई

14. **डॉ. रमाकांत पांडा** सदस्य
उपाध्यक्ष, एशियन हार्ट इंस्टीट्यूट, बांद्रा ईस्ट
मुंबई, महाराष्ट्र

15. **डॉ. अब्दुल हामिद जरगर** सदस्य
निदेशक, शेर.ए.कश्मीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस
सौरा, श्रीनगर- 190011, जम्मू और कश्मीर

16. **श्री नावेद मसूद** सदस्य
अपर सचिव एवं वित्त सलाहकार (31 अगस्त 2011 तक)
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय,
निर्माण भवन, नई दिल्ली-110011

	श्री आर.के. जैन अपर सचिव एवं वित्त सलाहकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली-110011	सदस्य (14 अक्टूबर 2011 से)
17.	**प्रो. आर. सी. डेका** निदेशक, अ.भा.आ.सं.	सदस्य-सचिव
18.	**श्री देबाशीष पांडा** संयुक्त सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय निर्माण भवन, नई दिल्ली-110011	विशेष आमंत्रित
19.	**डॉ. रानी कुमार** संकायाध्यक्ष (शैक्षिक), अ.भा.आ.सं., नई दिल्ली	विशेष आमंत्रित
20.	**डॉ. डी. के. शर्मा** चिकित्सा अधीक्षक अ.भा.आ.सं., नई दिल्ली	विशेष आमंत्रित

शासी निकाय

1.	श्री गुलाम नबी आजाद	अध्यक्ष
2.	श्रीमती सुषमा स्वराज, सांसद (लोक सभा)	सदस्य
3.	श्री मोतीलाल वोरा, सांसद (राज्य सभा)	सदस्य
4.	सुश्री. विभा पुरी दास	सदस्य
5.	श्री के. चंद्रमौली	सदस्य (31 अगस्त 2011 तक)
	श्री पी.के. प्रधान	सदस्य (12 दिसम्बर 2011से)
6.	प्रो. के.के. तलवार	सदस्य
7.	डॉ. आर.ए. बडवे	सदस्य
8.	डॉ. आर. के. श्रीवास्तव	सदस्य (पदेन) (30 नवम्बर 2011 तक)

	डॉ. जगदीश प्रसाद	सदस्य (11 नवम्बर 2012 से)
9.	डॉ. एस.पी. अग्रवाल	सदस्य
10.	श्री. नावेद मसूद	सदस्य (31 अगस्त 2011 तक)
	श्री आर.के. जैन	सदस्य (12 दिसम्बर 2011 से)
11.	प्रो. आर. सी. डेका	सदस्य-सचिव
12.	श्री देबाशीष पांडा	विशेष आमंत्रित
13.	प्रो. रानी कुमार	विशेष आमंत्रित
14.	डॉ. डी. के. शर्मा	विशेष आमंत्रित

स्थायी वित्त समिति

1.	श्री के. चंद्रमौली	अध्यक्ष (31 अगस्त 2011 तक)
	श्री पी.के. प्रधान	अध्यक्ष (12 दिसम्बर 2011 से)
2.	श्री मोतीलाल वोरा, सांसद (राज्य सभा)	सदस्य
3.	डॉ. आर. के. श्रीवास्तव,	सदस्य (30 नवम्बर 2011 तक)
	डॉ. जगदीश प्रसाद	सदस्य (11 जनवरी 2012 से)
4.	श्री नावेद मसूद	सदस्य (31 अगस्त 2011 तक)
	श्री आर.के. जैन	सदस्य (12 दिसम्बर 2011 से)
5.	सुश्री विभा पुरी दास	सदस्य
6.	डॉ. एस. पी अग्रवाल	सदस्य
7.	प्रो. दिनेश सिंहसदस्य	सदस्य
8.	प्रो. आर. सी. डेका	सदस्य-सचिव
12.	डॉ. रानी कुमार	विशेष आमंत्रित

13.	श्री देबाशीष पांडा	विशेष आमंत्रित

स्थायी शैक्षिक समिति

1.	डॉ. आर. के. श्रीवास्तव	अध्यक्ष (30 नवम्बर 2011 तक)
2.	डॉ. ज्योति मिर्धा, सांसद (लोकसभा)	सदस्य
3.	प्रो. दिनेश सिंह,	सदस्य
4.	डॉ. एम. के. भान	सदस्य
5.	सुश्री विभा पुरी दास	सदस्य
6.	डॉ. रामाकांत पांडा	सदस्य
7.	प्रो. के. सी. पांडें	सदस्य
8.	डॉ. अब्दुल हमीद जरगर	सदस्य
9.	प्रो. आर. सी. डेका	सदस्य-सचिव

स्थायी चयन समिति

1.	डॉ. आर. ए. बडवे	अध्यक्ष
2.	डॉ. आर. के. श्रीवास्तव	सदस्य (30 नवम्बर 2011 तक)
	डॉ. जगदीश प्रसाद	सदस्य (11 जनवरी 2012 से)
3.	सुश्री विभा पुरी दास	सदस्य
4.	डॉ. एम. के. भान	सदस्य
5.	प्रो. के. के. तलवार	सदस्य
6.	डॉ. रामाकांत पांडा	सदस्य
7.	डॉ. अब्दुल हमीद जरगर	सदस्य
8.	प्रो. आर. सी. डेका	सदस्य-सचिव

स्थायी संपदा समिति

1.	डॉ. एस. पी. अग्रवाल	अध्यक्ष
2.	डॉ. ज्योति मिर्धा, संसद-सदस्य (लोक सभा)	सदस्य
3.	श्री नावेद मसूद	सदस्य (31 अगस्त 2011 तक)
	श्री आर.के. जैन	सदस्य (12 दिसम्बर 2011 से)
4.	डॉ. एम. के. भान	सदस्य
5.	प्रो. आर. ए. बडवे	सदस्य
6.	डॉ. आर. के. श्रीवास्तव,	सदस्य (30 नवम्बर 2011 तक)
	डॉ. जगदीश प्रसाद	सदस्य (11 जनवरी 2012 से)
7.	डॉ. के. के. तलवार	सदस्य
8.	प्रो. आर. सी. डेका	सदस्य-सचिव

स्थायी अस्पताल प्रबंध समिति

1.	श्री मोती लाल बोरा, संसद सदस्य (राज्य सभा)	अध्यक्ष
2.	डॉ. ज्योति मिर्धा, संसद-सदस्य (लोक सभा)	सदस्य
3.	डॉ. आर. ए बडवे	सदस्य
4.	प्रो. के.सी. पांडे	सदस्य
5.	डॉ. रामाकांत पांडा	सदस्य
6.	प्रो. के. के. तलवार	सदस्य
7.	डॉ. अब्दुल हमीद जरगर	सदस्य
8.	प्रो. आर. सी. डेका	सदस्य-सचिव

3. शैक्षिक अनुभाग

संकायाध्यक्ष

रानी कुमार

उप-संकायाध्यक्ष

राकेश यादव

कुल-सचिव

वी. पी. गुप्ता (31.01.2012 तक) | संजय कुमार आर्य (01.02.2012 से)

शैक्षिक अनुभाग नीतियां, योजनाएं विकसित करता है तथा शैक्षिक गतिविधियां कार्यान्वित करता है। इन गतिविधियों में चिकित्सा, नर्सिंग, तथा परा-चिकित्सा पाठ्यक्रमों हेतु स्नातक-पूर्व, स्नातकोत्तर तथा डॉक्टरल कार्यक्रमों को सम्मिलित किया गया है। इन गतिविधियों का संचालन स्नातक-पूर्व, स्नातकोत्तर एवं परा-चिकित्सा प्रकोष्ठों द्वारा किया जाता है।

स्नातक-पूर्व शिक्षा

इस अनुभाग द्वारा नए छात्रों के लिए प्रवेश के उपरांत की औपचारिकताओं, पाठ्यक्रम विकसित करने एवं संशोधित करने तथा स्नातक-पूर्व छात्रों के लिए आंतरिक मूल्यांकन सहित शैक्षिक कार्यक्रमों का प्रबंध किया जाता है। विभिन्न पाठ्यक्रम इसप्रकार है :- एम.बी.बी.एस., बी.एस-सी. (ऑनर्स) रेडियोग्राफी में चिकित्सा प्रौद्योगिकी तथा नेत्र विज्ञान तकनीक जैसे परा-चिकित्सा पाठ्यक्रम तथा बी.एस-सी. नर्सिंग (पोस्ट प्रमाण पत्र) तथा बी.एस-सी. (ऑनर्स) नर्सिंग पाठ्यक्रम।

काय चिकित्सा एवं शल्य विज्ञान स्नातक (एम.बी.बी.एस.)

वर्तमान स्नातक-पूर्व स्तर पर शिक्षा के पैटर्न को पुनरीक्षित किया गया तथा जुलाई 2004 से कार्यान्वित किया गया। एम.बी.बी.एस. पाठ्यक्रम की अवधि साढ़े पाँच वर्ष की ही है जिसमें एक वर्ष का अनिवार्य इंटर्नशिप प्रशिक्षण भी सम्मिलित है। इस अवधि के दौरान प्रशिक्षण निम्नानुसार हैं :

एक वर्ष : पूर्व - नैदानिक प्रशिक्षण

डेढ वर्ष : परा - नैदानिक प्रशिक्षण

दो वर्ष : नैदानिक प्रशिक्षण

एक वर्ष : रोटेटिंग इंटर्नशिप (अनिवार्य)

अगस्त, 2008 से एम.बी.बी.एस. की सीटें 50 से बढ़कर 77 सीटें हो गई हैं। इन 77 सीटों में से 5 सीटें विदेशी नागरिकों के लिए आरक्षित होती हैं और इन 5 सीटों के लिए स्क्रीनिंग तथा प्रवेश विदेश मंत्रालय, भारत सरकार की अनुशंसा पर किया जाता है। शेष 72 सीटों (11 अनुसूचित जाति, 6 अनुसूचित जनजाति, 19 ओ.बी.सी. तथा 36 सामान्य श्रेणी उम्मीदवार) पर छात्रों का चयन अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा में उनके प्रदर्शन के आधार पर किया जाता है। 3 प्रतिशत सीटें समस्तर आधार पर शारीरिक रूप से अस्थिजन्य विकलांग उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं। वर्ष 2011-12 के दौरान 40,551 आवेदक थे और जिसमें से दिनांक 01 जून, 2011 को आयोजित हुई प्रवेश परीक्षा में 29,054 उम्मीदवार बैठे। 31 मार्च, 2012 तक स्नातक-पूर्व (एम.बी.बी.एस.) छात्रों की पंजी पर कुल संख्या 56 इंटर्न सहित 311 थी।

प्रथम, द्वितीय तथा अंतिम एम.बी.बी.एस. परीक्षा में प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले 6 छात्रों को क्रमशः 750/- रु. तथा 500/- रु. प्रतिमाह की मेरिट छात्रवृत्ति प्रदान की गई।

एम.बी.बी.एस. छात्रों के लिए ग्रीष्म फेलोसिप भी उपलबध है जिसमें 500/- रूपये प्रतिमाह वजीफे के रूप में (स्टाइपेन) दिया जाता है। छात्र एवं संकाय के सदस्य के के पर्यवेक्षण के अंतर्गत करते हैं।

परा-चिकित्सा तथा नर्सिंग शिक्षा प्रकोष्ठ

परा-चिकित्सा एवं नर्सिंग छात्र-छात्राओं का प्रवेश तथा प्रशिक्षण संबंधी गतिविधियों का संचालन इस प्रकोष्ठ द्वारा किया जाता है। 62 छात्रों के एक बैच को बी.एस-सी. (ऑनर्स) नर्सिंग में प्रवेश दिया गया। अगस्त, 2011 में 26 छात्रों के एक बैच को बी.एस-सी. नर्सिंग (पोस्ट प्रमाणपत्र) पाठ्यक्रम में प्रवेश दिया गया। अगस्त, 2011 में 15 छात्रों को बी.एस-सी. (ऑनर्स) नेत्र विज्ञान तकनीक में तथा 9 छात्रों को बी.एस-सी. (ऑनर्स) रेडियोग्राफी में चिकित्सा प्रौद्योगिकी में प्रवेश दिया गया।

नर्सिंग तथा परा-चिकित्सा पाठ्यक्रमों में वर्तमान छात्र संख्या निम्नानुसार हैं :-

नर्सिंग पाठ्यक्रम	**छात्रों की संख्या**
बी.एस-सी. नर्सिंग (पोस्ट प्रमाणपत्र)	51
बी.एस-सी. (ऑनर्स) नर्सिंग	245
परा-चिकित्सा पाठ्यक्रम	
बी.एस-सी. (ऑनर्स) नेत्र विज्ञान तकनीक	42
बी.एस-सी. (ऑनर्स) रेडियोग्राफी में चिकित्सा प्रौद्योगिकी	24

स्नातकोत्तर शिक्षा प्रकोष्ठ

जूनियर तथा सीनियर रेजीडेंटों सहित स्नातकोत्तर छात्रों के प्रवेश, चयन तथा प्रशिक्षण संबंधी सभी गतिविधियों का संचालन शैक्षिक अनुभाग द्वारा किया जाता है। यह अनुभाग सीनियर रेजीडेंटों से संबंधित सभी सेवा मामले भी देखता है। इस अनुभाग द्वारा विभिन्न विषयों में पी-एच.डी., डी.एम., एम.सी-एच, एम.डी., एम.एस., एम.डी.एस., एम.एच.ए., एम.एस-सी. तथा एम. बायोटेक पाठ्यक्रमों से संबंधित सभी गतिविधियों का संचालन किया जाता है।

सभी स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश एक अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा के द्वारा किया जाता है जो कि वर्ष में दो बार आयोजित की जाती है (सिवाय एम.एस-सी. तथा एम. बायोटेक जिसमें वर्ष में एक बार प्रवेश दिया जाता है)। विदेशी नागरिकों को भी प्रवेश परीक्षा के द्वारा प्रवेश दिया जाता है।

वर्ष 2011-12 के दौरान उपर्युक्त वर्णित पाठ्यक्रमों में कुल 500 प्रायोजित तथा विदेशी नागरिकों और छात्रों को प्रवेश दिया गया। छात्रों का विवरण निम्नानुसार है:

क्र.सं.	**पाठ्यक्रम का नाम**	**जुलाई 2011 सत्र के दाखिले**	**जनवरी 2012 सत्र के दाखिले**	**कुल दाखिले खुला/प्रायोजित**
1.	एम-एससी./एम.बायोटेक/ एम-एससी नर्सिंग	51	लागू नहीं*	51
2.	एमडी/एमएस/एमडीएस/ एमएचए	148	131	279
3.	डीएम/एमसीएच	32	38	70
4.	पीएच-डी.	44	56	100
	कुल	**275**	**225**	**500**

*दाखिले वर्ष में एक बार किए गए।

31 मार्च, 2012 तक स्नातकोत्तर तथा डॉक्टरल छात्रों की कुल संख्या 1383 थी। दिनांक 31.03.2012 तक रोल पर पीएच-डी सहित 1383 स्नातकोत्तर छात्रों का विवरण निम्नानुसार है:

क्र.सं.	पाठ्यक्रम का नाम	पंजीकृत छात्रों की संख्या
1.	पीएच-डी	448
2.	डीएम	139
3.	एम-सीएच	86
4.	एमडी/एचएचए	491
5.	एमएस	84
6.	एमडीएस	35
7.	एम-एससी/एम. बायोटेक/एम-एससी. नर्सिंग	100
	कुल	**1383**

स्नातकोत्तर छात्रों का विषयवार विवरण निम्नानुसार हैः

पी-एच.डी.	**सामान्य**	**प्रायोजित**
शरीर रचना विज्ञान	28	-
जैव रसायन	40	-
जैव भौतिकी	46	-
जैव सांख्यिकी	05	1 (सेवारत)
जैव प्रौद्योगिकी	23	-
हृद् विज्ञान	01	-
हृद् जैव रसायन	03	-
हृद् विकरण विज्ञान	03	1
त्वचा एवं रतिजरोग विज्ञान	02	-
न्याय चिकित्सा	02	-
जठरांत्र रोग विज्ञान	06	-
तंत्रिका शल्य चिकित्सा	04	-
प्रसूति एवं स्त्रीरोग विज्ञान	01	2 (सेवारत)
रुधिर विज्ञान	13	1 (सेवारत)
सी. टी. वी. एस.	05	-
प्रयोगशाला चिकित्सा	19	-
चिकित्सा अर्बुद विज्ञान	04	-
चिकित्सा भौतिकी	04	1
काय चिकित्सा	13	-
सूक्ष्म जैव विज्ञान	31	-

तंत्रिका विज्ञान		16	-
नाभिकीय चुंबकीय अनुनाद		09	-
नाभिकीय चिकित्सा		05	-
नाक, कान तथा गला रोग विज्ञान (ई.एन.टी.)		01	-
नेत्रविज्ञान		10	2
नेत्र भेषजगुण विज्ञान		02	-
नेत्र सूक्ष्मजैव विज्ञान		03	-
सामुदायिक नेत्रविज्ञान		03	-
नेत्र विकृति विज्ञान		03	-
नेत्र जैवरसायन		04	-
बाल रोग विज्ञान		20	-
विकृति विज्ञान		10	-
सामुदायिक चिकित्सा केंद्र		02	-
अंतः स्त्राविकी		08	-
बाल शल्य चिकित्सा		02	-
तंत्रिका - जैव रसायन		08	-
भेषजगुण विज्ञान		19	-
शरीर क्रिया विज्ञान		26	2
मनोचिकित्सा		12	-
विकिरण अर्बुद विज्ञान		03	-
प्रजनन जैव विज्ञान		04	-
शल्य चिकित्सा		03	1 (सेवारत)
प्रतिरोपण प्रतिरक्षा विज्ञान एवं प्रतिरक्षा आनुवांशिकी		10	1
कुल	**448**	**436**	**12**

डी.एम.	**सामान्य**	**प्रायोजित**
हृद संवेदनाहरण विज्ञान	6	2
हृद विज्ञान	16	3
नैदानिक रुधिर विज्ञान	5	3
अंतःस्त्राविकी	8	3
जठरांत्र रोग विज्ञान	10	3

रुधिर विकृति विज्ञान		4	1
चिकित्सा अर्बुद विज्ञान		12	2
नवजात विज्ञान		4	2
वृक्क विज्ञान		8	4
तंत्रिका - संवेदनाहरण		8	3
तंत्रिका विज्ञान		15	3
तंत्रिका विकिरण विज्ञान		3	-
बाल तंत्रिका विज्ञान		6	2
नैदानिक भेषजगुण विज्ञान		3	-
कुल	**139**	**108**	**31**

एम.सी-एच.		**सामान्य**	**प्रायोजित**
हृद्वक्ष एवं वाहिका शल्य चिकित्सा		16	2
जठरांत्र शल्य चिकित्सा		9	3
तंत्रिका शल्य चिकित्सा		28	2
बाल शल्य चिकित्सा		12	3
मूत्र रोग विज्ञान		8	3
कुल	**86**	**73**	**13**

एम.डी.	**सामान्य**	**प्रायोजित**
संवेदनाहरण विज्ञान	32	02
शरीर रचना विज्ञान	16	-
जैव रसायन	11	-
जैव भौतिकी	11	-
सामुदायिक चिकित्सा	19	-
त्वचा एवं रतिजरोग विज्ञान	12	03
न्याय चिकित्सा	10	-
अस्पताल प्रशासन	06	05
प्रयोगशाला चिकित्सा	06	-
काय चिकित्सा	47	03
सूक्ष्म जैव विज्ञान	13	-

नाभिकीय चिकित्सा		12	03
प्रसूति एवं स्त्रीरोग विज्ञान		36	03
नेत्र विज्ञान		93	01
बाल रोग विज्ञान		25	03
विकृति विज्ञान		19	01
भेषजगुण विज्ञान		12	-
भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास		08	-
शरीरक्रिया विज्ञान		16	-
मनोचिकित्सा विज्ञान		26	01
विकिरण निदान		22	03
विकिरण चिकित्सा		09	-
जरा चिकित्सा		02	-
कुल	**491**	**463**	**28**

एम.एस.			
अस्थि रोग विज्ञान		17	03
नाक, कान एवं गला रोग विज्ञान		17	02
शल्य चिकित्सा		42	03
कुल	**84**	**76**	**08**

एम.डी.एस.			
कंजरवेटिव डेंटीस्ट्री एंड इंडोडोंटिक्स		08	01
ऑर्थोडोंटिक्स		08	02
प्रोस्थोडोंटिक्स		07	-
ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जरी		08	01
कुल	**35**	**31**	**04**

एम.एस-सी.	**सामान्य**	**प्रायोजित**
शरीर रचना विज्ञान	05	-
जैव रसायन	06	03

जैव भौतिकी		01	-
प्रफ्यूजन प्रौद्योगिकी		05	-
जैव प्रौद्योगिकी		24	01
नाभिकीय चिकित्सा प्रौद्योगिकी		05	01
भेषजगुण विज्ञान		07	-
शरीर क्रिया विज्ञान		04	-
एम.एस-सी. नर्सिंग			
हृद् विज्ञान/सी.टी.वी.एस. नर्सिंग		09	01
तंत्रिका विज्ञान नर्सिंग		09	-
बाल चिकित्सा नर्सिंग		08	01
मनोचिकित्सा नर्सिंग		10	-
कुल	**100**	**93**	**07**

वेतन : छठे वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुसार रेजीडेंटों का वर्तमान वेतन निम्नानुसार है :-

जूनियर रेजीडेंट 15,600 - 39,100 रु.. (ग्रेड वेतन 5400 रु.) तथा नियमानुसार भत्ते

सीनियर रेजीडेंट 15,600 - 39,100 रु. (ग्रेड वेतन 6600 रु.) तथा नियमानुसार भत्ते

प्रशिक्षण कार्यक्रम

अनुभाग द्वारा आयुर्विज्ञान एवं परा-चिकित्सा दोनों के लिए अल्पकालीन एवं दीर्घकालीन प्रशिक्षण संबंधी गतिविधियों का संचालन किया जाता है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान 649 अल्पकालीन एवं 5 दीर्घकालीन प्रशिक्षणार्थी थे।

इसके अतिरिक्त विभिन्न विभागों में विश्व स्वास्थ्य संगठन छात्रवृति कार्यक्रम के अंतर्गत 32 वि.स्वा.सं. फेलो (विदेशी नागरिक), वि.स्वा.से.-इन-कंट्री फेलोसिप प्रोग्राम (2011-12) हेतु 12 वि.स्वा.सं. फेलो (भारतीय) तथा 51 विदेशी राष्ट्रीय को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। अनुभाग द्वारा विदेशी स्नातकपूर्व आयुर्विज्ञानी छात्रों की चयनित प्रशिक्षण से संबंधित कार्यों का निष्पादन किया जाता है- वर्ष के दौरान 35 विदेशी स्नातकपूर्व चिकित्सा छात्रों ने चयनित प्रशिक्षण प्राप्त किया।

समिति बैठकें

शैक्षिक समिति, स्टाफ काउंसिल, संकाय बैठकें तथा संकायाध्यक्ष समिति की बैठकें आयोजित करने का उत्तरदायित्व शैक्षिक अनुभाग का है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आयोजित हुई बैठकों का विवरण निम्नानुसार हैं :-

शैक्षिक समिति	03
स्टाफ काउंसिल	01
संकाय	07
शोध प्रस्तुतिकरण	06

व्याख्यान

वर्ष 2011-2012 के दौरान शैक्षिक अनुभाग द्वारा निम्नलिखित व्याख्यानों का आयोजन किया गया।

क्र.सं.	व्याख्यान	व्याख्यानदाता	व्याख्यान की तिथि, समय तथा स्थान
1.	तृतीय डॉ. उर्मिल बी.के. कपूर व्याख्यान	डॉ. माइन वहानान नटराजन, कुलपति, तमिलनाडु एमजीआर विश्वविद्यालय, चेन्नई	21 अक्टूबर 2011, सायं 04 बजे, व्याख्यान कक्ष- 1
2.	तृतीय डॉ. एल.के. भुटानी व्याख्यान	डॉ. वाई.के. चावला, निदेशक, पीजीआईएमईआर चंडीगढ़	28 नवम्बर 2011, सायं 04 बजे, व्याख्यान कक्ष-1
3.	चतुर्थ प्रोफेसर केशो राम लूमस स्मारक व्याख्यान	डॉ. सुजॉय के. गुहा, प्रोफेसर, बायोमेडिकल साइंस एवं टैक्नोलॉजी, आई.आई.टी., खड़गपुर	12 दिसम्बर 2011, सायं 04 बजे, व्याख्यान कक्ष-1
4.	22वां सर्वेश्वरी स्मारक व्याख्यान	डॉ. ताकेशी कवासी, माननीय प्रोफेसर, तंत्रिकाशल्य चिकित्सा विभाग, स्कूल ऑफ मेडिसीन	14 फरवरी 2012, सायं 04 बजे, जवाहरलाल सभागार
5.	तृतीय डॉ. एन. गोपीनाथ व्याख्यान	डॉ. क्षितिज कपूर, डीन एवं हेड ऑफ स्कूल, इंस्टीट्यूट ऑफ साइकेट्री विंग्स कॉलेज, लंदन, यू.के.	24 फरवरी 2012, सायं 04 बजे, व्याख्यान कक्ष-1

दीक्षांत समारोह

संस्थान का 39वां वार्षिक दीक्षांत समारोह 21 दिसम्बर, 2011 को जवाहर लाल सभागार में आयोजित किया गया। राष्ट्रीय सलाहकार परिषद की अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गांधी ने दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। उन्होंने विशिष्ट छात्रों को संस्थान पदक/पुरस्कार प्रदान किए तथा उपस्थित जन-समूह को संबोधित किया। अध्यक्ष, एम्स एवं माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री गुलाम नबी आजाद द्वारा उपाधियां प्रदान की गईं।

अनुसंधान

आंतरिक अनुसंधान निधि एवं इसके वितरण संबंधी कार्य जो कि पहले शैक्षिक अनुभाग द्वारा किया जाता था, इस वर्ष से इस कार्य को अनुसंधान अनुभाग को सौंपा गया।

4. परीक्षा अनुभाग

प्रभारी आचार्य (परीक्षा)

कौशल के. वर्मा

उप-संकायाध्यक्ष (परीक्षा)

नन्द कुमार

सहायक नियंत्रक

बी. के. जोशी

लेखा अधिकारी

एस. के. टिक्कू

वर्ष 2011-2012 के दौरान निम्नलिखित व्यावसायिक तथा प्रवेश परीक्षाएं संचालित की गई थीं।

स्नातकोत्तर एवं स्नातक-पूर्व व्यावसायिक परीक्षा

व्यावसायिक परीक्षाएं

क्र.सं.	माह एवं वर्ष	परीक्षा	छात्रों की संख्या			
			परीक्षा में बैठे	अनुपस्थित	उत्तीर्ण	अनुत्तीर्ण
1	**मई 2011**	अंतिम स्नातकोत्तर/पोस्ट-डॉक्टरल (एमडी/एमएस/एमडीएस/डीएम/एम-सीएच/एमएचए)	133	2	124	7
2	-तदैव-	एम. एस-सी. (नर्सिंग), चरण I	19	0	19	0
3	-तदैव-	एम. एस-सी. (नर्सिंग), चरण II	19	0	19	0
4	-तदैव-	द्वितीय एम. बी. बी. एस. (पूरक)	7	0	7	0
5	-तदैव-	अंतिम एम. बी. बी. एस. (पूरक)	7	2	3	2
6	-तदैव-	बी. एस-सी. (ऑनर्स) नर्सिंग, चरण IV	49	0	48	1
7	-तदैव-	बी. एस-सी. नर्सिंग (पोस्ट-प्रमाणपत्र), चरण II	21	0	21	0
8	-तदैव-	बी. एस-सी. नर्सिंग (पोस्ट-प्रमाणपत्र), चरण 1	23	0	21	2
9	-तदैव-	बी. एस-सी. (ऑनर्स) नर्सिंग, चरण I	63	0	53	10
10	-तदैव-	बी. एस-सी. (ऑनर्स) नर्सिंग, चरण III	59	0	58	1
11	-तदैव-	बी. एस-सी. (ऑनर्स) नर्सिंग, चरण II	57	0	56	1
12	जुलाई 2011	बी. एस-सी. (ऑ.) नेत्र विज्ञान तकनीक चरण III	10	0	7	1+2*
13	-तदैव-	बी.एस-सी.(ऑ) रेडियोग्राफी में चिकित्सा प्रौद्योगिकी चरण II	6	0	5	1
14	-तदैव-	बी.एस-सी.(ऑ) रेडियोग्राफी में चिकित्सा प्रौद्योगिकी चरण III	7	0	7	0
15	-तदैव-	प्रथम व्यावसायिक एम.बी.बी.एस.	81	1	64	10+6*
16	-तदैव-	बी.एस-सी. (ऑ) रेडियोग्राफी में चिकित्सा प्रौद्योगिकी चरण I	9	0	6	1+2*

17	-तदैव-	बी. एस-सी. (ऑ.) नेत्र विज्ञान तकनीक चरण II	12	0	8	2+2*
18	-तदैव-	बी. एस-सी. (ऑनर्स) नेत्र विज्ञान तकनीक चरण I	16	0	11	4+1*
19	अगस्त 2011	प्रथम एम.बी.बी.एस. व्यावसायिक (पूरक)	16	0	12	4
20	नवम्बर 2011	बी.एस-सी. (ऑनर्स) रेडियोग्राफी में चि. प्रौद्योगिकी चरण II (पूरक)	1	0	1	0
21	-तदैव-	बी.एस-सी. (ऑ) नेत्रविज्ञान तक. चरण III (पूरक)	3	0	2	1
22	-तदैव-	बी.एस-सी. (ऑ) रेडियोग्राफी में चि. प्रौद्योगिकी चरण I (पूरक)	2	0	2	0
23	-तदैव-	बी.एस-सी. (ऑनर्स) नेत्रविज्ञान तकनीक चरण I (पूरक)	4	0	2	2
24	-तदैव-	बी.एस-सी. (ऑ) नेत्रविज्ञान तक. चरण II (पूरक)	3	0	2	1
25	दिसम्बर 2011	अंतिम स्नातकोत्तर/पोस्ट डॉक्टरल (एमडी/एमएस/एमडीएस/डीएम/एम-सीएच/एमएचए)	119	1	110	8
26	-तदैव-	बी.एस-सी. (नर्सिंग) चरण II (पूरक)	4	0	3	1
27	-तदैव-	अंतिम एम.बी.बी.एस व्यावसायिक	54	8	41	5
28	-तदैव-	द्वितीय एम.बी.बी.एस व्यावसायिक	78	0	62	4+12*
29	-तदैव-	बी.एस-सी. नर्सिंग (पोस्ट-प्रमाणपत्र) चरण I (पूरक)	2	0	2	0
30	-तदैव-	बी.एस-सी. (ऑनर्स) नर्सिंग चरण I (पूरक)	10	0	9	1
31	-तदैव-	बी.एस-सी. नर्सिंग (पोस्ट-प्रमाणपत्र) चरण II (पूरक)	1	0	1	0
32	-तदैव-	बी.एस-सी. (ऑनर्स) नर्सिंग चरण III (पूरक)	4	0	4	0
33	-तदैव-	बी.एस-सी. (ऑनर्स) नर्सिंग चरण IV (पूरक)	7	0	7	0
34	जनवरी 2012	अंतिम एम.बी.बी.एस. (कंपार्टमेंटल परीक्षा)	4	0	4	0
		महायोग :	**910**	**14**	**801**	**70+25***

* उपस्थिति में कमी के कारण योग्य नहीं।

प्रवेश परीक्षाएं

क्र.सं.	**पाठ्यक्रम**	**परीक्षा की तिथि**	**आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की संख्या**	**परीक्षा में बैठने वाले उम्मीदवारों की संख्या**
1	एम.डी./एम.एस./एम.डी.एस. (एम्स) जुलाई 2011	08.05.2011	22381	19929
2	डी.एम./एम.सी-एच./एम.एच.ए. जुलाई 2011	15.05.2011	1745	1436
3	एम.बी.बी.एस. (एम्स) अगस्त, 2011	01.06.2011	40551	29054
4	बी.एस-सी. (ऑनर्स) नर्सिंग 2011	12.06.2011	1175	782
5	बी.एस-सी. नर्सिंग (पोस्ट प्रमाणपत्र) 2011	18.06.2011	141	82
6	बी.एस-सी. (ऑनर्स) परा-चिकित्सा पाठ्यक्रम 2011	04.06.2011	205	158
7	एम.एस-सी. पाठ्यक्रम 2011	09.07.2011	344	200
8	एम.एस-सी. नर्सिंग 2011	26.06.2011	779	605

9	एम. बायोटेक्नोलॉजी प्रवेश परीक्षा 2011	16-07-2011	790	407
10	सीनियर रेजीडेंट्स भर्ती परीक्षा, जुलाई 2011	17.07.2011	1264	892
11	पी.एच-डी. जुलाई 2011	03.07.2011	482	331
12	सीनियर रेजीडेंट्स भर्ती परीक्षा, जनवरी 2011	15.01.2012	485	418
13	एमडी/ एमएस/ एम.सी-एच. (6 व्र्षीय)/ एमडीएस (एम्स) जनवरी 2012	13.11.2011	47432	38532
14	डी.एम. / एम.सी-एच./ एम.एच.ए. जनवरी 2012	11.12.2011	1895	1530
15.	अखिल भारतीय स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षाः एम.डी./ एम.एस./ डिप्लोमा/ एम.डी.एस.-2012	08.01.2012	71968	69069
16.	पीएच. डी. जनवरी 2012	22.01.2012	497	312
	महायोग		**192134**	**163737**

दिनांक 1 अप्रैल, 2011 से 31 मार्च, 2012 तक पीएच. डी. मौखिक परीक्षा में उत्तीर्ण उम्मीदवार : 52

भर्ती हेतु परीक्षाएं

क्र.सं.	परीक्षा का नाम	लिखित परीक्षा	साक्षात्कार	आवेदक	बैठे	परिणाम
1.	जूनियर इंजीनियर	–	19.04.2011	425	246	23.04.2011
2.	नेत्रविज्ञान तकनीक ग्रेड 1	07.08.2011	–	120	100	स्तर 1 08.08.2012
3.	सिस्टर ग्रेड 11	21.08.2012	26.09.2011–01.10.2011	33772	28100	07.08.2011
4.	मेडिकल चिकित्सक	24.08.2011	19.09.2011	63	31	20.09.2011
5.	तकनीशियन (विकिरण चित्रण) ग्रेड 11	04.02.2012 मार्च 2012	17, 19, 30	343	277	30.03.2011
6.	एमएसएसओ ग्रेड 11	26.02.2012	28.03.2012–	370	264	30.03.2011
			कुल योग	**35093**	**29018**	

संचालित की गई प्रवे ा परीक्षाएं :

1. एम.डी. / एम.एस. / डिप्लोमा / एम.डी.एस. पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 50 प्रतिशत ओपन मेरिट सीटों के कोटे हेतु अखिल भारतीय स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा दिनांक 08.01.2012 को भारत के 15 शहरों में स्थित 156 केन्द्रों (स्थानीय 36,बाहरी 120) पर आयोजित की गई। परीक्षा परिणाम दिनांक 03 मार्च, 2012 को घोषित किए गए।

2. जुलाई, 2011 सत्र से प्रारम्भ होने वाले एम.डी./ एम.एस./ एम.डी.एस. पाठ्यक्रमों हेतु एम्स स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा दिनांक 8 मई, 2011 को 52 केन्द्रों (स्थानीय 22, बाहरी 30) पर तथा जनवरी 2012 सत्र हेतु 86 केन्द्रों (स्थानीय 28, बाहरी 58) पर 13 नवंबर, 2011 को आयोजित की गई। परीक्षा परिणाम क्रमशः 27 मई, 2011 तथा 29 नवम्बर, 2011 को घोषित किए गए।

3. जुलाई 2011 तथा जनवरी 2012 सत्रों के लिए डी.एम. / एम.सी-एच. तथा अस्पताल प्रशासन में स्नातकोत्तर जैस विभिन्न पोस्ट-डॉक्टरल (अति-विशिष्टता) पाठ्यक्रमों के लिए चयन द्वि-स्तरीय निष्पादन मूल्यांकन के आधार पर क्रमशः 15 एवं 23 मई, 2011 तथा 11 एवं 19 दिसंबर 2011 के दौरान किया गया।

4. संस्थान द्वारा क्रमशः दिनांक 17 जुलाई 2011 तथा 15 जनवरी 2012 को सीनियर रेजीडेंटों/सीनियर डेमोंस्ट्रेटरों के पद हेतु एक लिखित परीक्षा आयोजित की गई।

5. जुलाई, 2011 तथा जनवरी, 2011 सत्रों से प्रारंभ होने वाले पी-एच.डी. कार्यक्रम में पंजीकरण हेतु उम्मीदवारों का चयन क्रमशः 4 जुलाई, 2011 तथा 22 जनवरी, 2012 तक किया गया। परिणाम क्रमशः 12 जुलाई, 2011 तथा 30 जनवरी, 2011 को घोषित किए गए।

6. एम्स के एम.बी.बी.एस. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा दिनांक 01 जून, 2011 को भारत के 11 शहरों में 88 (स्थानीय 35 तथा बाहरी 53) केंद्रों पर आयोजित की गई।

7. बी.एस-सी. (ऑनर्स) नर्सिंग प्रवेश परीक्षा दिनांक 12 जून, 2011 को दिल्ली तथा तिरुवनंतपुरम में आयोजित की गई।

8. अगस्त, 2011 सत्र हेतु एम.एस-सी. तथा एम. बॉयोटेक्नोलॉजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा क्रमशः 9 तथा 16 जुलाई, 2011 को दिल्ली में आयोजित की गई।

9. एम.एस-सी. नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा दिल्ली में दिनांक 26 जून, 2011 को आयोजित की गई। दाखिला मेरिट आधार पर दिनांक 15 एवं 19 जुलाई, 2011 को आयोजित हुई काउंसलिंग के माध्यम से किया गया1

10. बी.एस-सी. नर्सिंग (पोस्ट प्रमाणपत्र) पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा दिल्ली में दिनांक 18 जून 2011 का आयोजित की गई, तत्पश्चात दिनांक 22 जून 2011 को उम्मीदवारों का वैयक्तिक मूल्यांकन किया गया।

11. परा-चिकित्सा पाठ्यक्रमों - बी.एस-सी. (ऑनर्स) नेत्रविज्ञान तकनीक एवं बी.एस-सी. (ऑनर्स) रेडियोग्राफी में चिकित्साप्रौद्योगिकी में अगस्त, 2011 सत्र के लिए प्रवेश परीक्षा दिनांक 4 जून, 2011 को दिल्ली में एक केंद्र पर आयोजित की गई। इन दोनों पाठ्यक्रमों में छात्रों का प्रवेश मेरिट आधार पर काउंसलिंग के माध्यम से सीटों का आबंटन करके दिनांक 14 और 21 जुलाई, 2011 को किया गया।

12. परीक्षा अनुभाग द्वारा संस्थान में निम्नलिखित पदों हेतु लिखित / कौशल परीक्षा भी आयोजित की गईः-

    i) 6 मार्च, 2011 को कनिष्ठ अभियंता की परीक्षा आयोजित की गई। दिनांक 19.04.2011 को साक्षात्कार का आयोजन किया गया।

    ii) दिनांक 7 अगस्त, 2011 को नेत्रविज्ञान तकनीशियन ग्रेड-1 की परीक्षा आयोजित की गई।

    iii) दिनांक 21 अगस्त, 2011 को सिस्टर ग्रेड-।। की परीक्षा आयोजित की गई। दिनांक 26 सितम्बर, 2011 से 01 अक्टूबर, 2011 तक साक्षात्कार आयोजित किया गया।

    iv) दिनांक 24 अगस्त, 2011 को चिकित्सा भौतिक विज्ञानी की परीक्षा आयोजित की गई। दिनांक 19 सितम्बर, 2011 को साक्षात्कार आयोजित किया गया।

    v) दिनांक 4 फरवरी, 2012 को तकनीशियन (विकिरण विज्ञान) ग्रेड-।। की परीक्षा आयोजित की गई। दिनांक 17, 19 एवं 20 मार्च, 2012 को साक्षात्कार आयोजित किया गया।

    vi) दिनांक 26 फरवरी, 2012 को एम एस एस ओ ग्रेड-।। की परीक्षा आयोजित की गई। दिनांक 19 सितम्बर, 2011 को साक्षात्कार आयोजित किया गया।

अन्य गतिविधियों में सहभागिता :

1. परीक्षा अनुभाग एम्स स्नातकोत्तर, बी.एस-सी. (ऑनर्स) परा चिकित्सा, एम.एस-सी. (नर्सिंग) पाठ्यक्रमों हेतु काउंसलिंग तथा बी.एस-सी. (नर्सिंग) पोस्ट प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम हेतु साक्षात्कार में सक्रिय रूप में भाग लेता है।

2. परीक्षा अनुभाग द्वारा बी. पी. कोइराला स्वास्थ्य विज्ञान संस्थान, धरन, नेपाल से स्नातकोत्तर छात्रों के शोध के मूल्यांकनकार्य में समन्वय कर रहे हैं।

3. अनुभाग द्वारा वर्ष 2011 से उत्तर पूर्वी इंदिरा गांधी क्षेत्रीय स्वास्थ्य एवं आयुर्विज्ञान संस्थान, शिलांग, मेघालय के लिए एम बी बी एस प्रवेश परीक्षा का भी आयोजन करता रहा है और इस वर्ष यह परीक्षा दिनांक 24 जुलाई, 2011 को आयोजित की गई।

4. परीक्षा अनुभाग द्वारा भारत और विदेश में विभिन्न विश्वविद्यालयों और संस्थानों के उनकी प्रवेश परीक्षाएं आयोजित करने के लिए तकनीकी विशेषज्ञता भी प्रदान की जाती है।

महत्त्वपूर्ण घटनाएं

परीक्षा अनुभाग द्वारा संचालित परीक्षा में और अधिक नियंत्रण एवं संतुलन बनाए रखने को प्रारम्भ करने के उपाय के रूप में परीक्षा व्यवस्था की पूर्ण गोपनीयता एवं सत्यनिष्ठा बनाए रखने के लिए, बाहरी केंद्रों के प्रश्न-पत्रों को अब स्वीकृत बैंकों में सुरक्षित रखा जाता है। छद्म व्यक्तित्व के किसी भी प्रकार के मामले से बचने के लिए प्रवेश परीक्षा के दौरान सभी उम्मीदवारों के डिजीटल फोटोग्राफ तथा अंगूठे का निशान लिया जाता है। इसके अलावा परीक्षा केन्द्र की मुख्य प्रवेश परीक्षाके समय प्रत्येक प्रत्याशी की शारीरिक जांच आरंभ की गई है ताकि परीक्षा के दौरान इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उपयोग की रोकथाम की जा सके।

1. क्वांटिटेटिव डिटेक्शन ऑफ हेवी मेटल्ज़ एंड थैलेट्स इन टॉयज़। वाई. के. गुप्ता, आईसीएमआर, 2009–11, 19,61,330 रुपए।
2. चूहों में प्रयोगात्मक मॉडल में यूनानी सम्मिश्रण के मोटापा–रोधी गुण संबंधी प्रारंभिक अध्ययन। वाई. के. गुप्ता, सीसीआरयूएम, 2009–11, 6,89,276 रुपए।
3. रीनल और हेपाटिक क्रियाओं के संबंध में पारंपरिक रूप से प्रयुक्त आयुर्वेदिक रस औषधियों का प्रभाव, वाई. के. गुप्ता, आयुष, 2009–12, 27.6 लाख रुपए।

4. विटिलिगो के उपचार में प्रयुक्त यूनानी औषधियों (यूएनआईएम–004 और यूएनआईएम–005, स्थानीय) का सुरक्षा संबंधी अध्ययन। वाई. के. गुप्ता, सीसीआरयूएम, 2011–12, 9.91 लाख रुपए।

5. माइग्रेन के उपचार में प्रयुक्त पांच आयुर्वेदिक दवाइयों के मिश्रण का भेषजगुण–विज्ञान संबंधी मूल्यांकन, वाई. के. गुप्ता, आईपीसीए लैबोरेट्रीज लिमिटेड, मुंबई, 2010–12, 29.61 लाख रुपए।

6. प्रमस्तिष्काघात वाले बच्चों में सीसे और पारे की विषाक्तता पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले पॉलिमोरफिज्म की आवृत्ति का मूल्यांकन। वाई. के. गुप्ता, रक्षा अनुसंधान और विकास स्थापना (डीआरडीई), रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, 2011–12, 9 लाख रुपए।

7. औषधीय पौधा केलोट्रॉपिसप्रोसेरा के लेटेक्स का फाइटोथेराप्यूटिक विकास, वी.एल. कुमार, भारत–ब्राजील विज्ञान और प्रौद्योगिकी कार्यक्रम सहयोग, 2009–12 के अधीन, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, 9 लाख रुपए।

8. पहले से ही मानक औषधि रेजिमेन ग्राही बाएं वेंट्रिकुलर डिस्फंक्शन वाले रोगियों में टर्मिनालियारजुना की मानक औषधि के अतिरिक्त प्रभाव के यादृच्छिक प्लेसबो नियंत्रित क्लिनिकल परीक्षण का डबल ब्लाइंड, एस.के. मौलिक, डीबीटी, 2010–12, 46.60 लाख रुपए।

9. प्रयोगात्मक मेटाबोलिक सिंड्रोम में बायोऐक्टिव फाइटोकांस्टिचुएंट का प्रभाव, के.एच. रीता, आईसीएमआर, 2010–13, 29 लाख रुपए।

10. रुमेटॉयड आर्थराइटिस के उपचार में यूएनआईएम–301 और यूएनआईएम–304 का उपचार–पूर्व सुरक्षा अध्ययन। सुरेंद्र सिंह, केंद्रीय यूनानी औषधी अनुसंधान परिषद् (सीसीआरयूएम), आयुष विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली 9.91 लाख रुपए।

11. विटिलिगो के उपचार में यूएनआईएम–004 और यूएनआईएम–005 का चिकित्सा–पूर्व अध्ययन। सुरेंद्र सिंह, केंद्रीय यूनानी औषधी अनुसंधान परिषद् (सीसीआरयूएम), आयुष विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली 9.91 लाख रुपए।

12. चिरकालिक पीड़ा के प्रयोगात्मक मॉडल में ओमेगा–3 फैट्टी ऐसिड में प्लांट लिपिड रिच के रोग आशोधन क्रियाकलापों का मूल्यांकन। सुरेंद्र सिंह, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् (आईसीएमआर), भारत सरकार, नई दिल्ली, 29.71 लाख रुपए।

13. मिर्गी के प्रयोगात्मक मॉडल में टिनैपटाइन के ऐन्टिएपिलेप्टिक प्रभाव में एनएमडीए और जीएबीए–अर्जिक तंत्र की भूमिका। के.एच. रीता, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, 2011–12, 29.71 लाख रुपए।

14. चूहों में पेंटीलेंटेट्राजोल – इनड्यूस्ड काइंडलिंग में मेटालोप्रोटीनेस–9, आरएचओ किनेस (रॉक ΙΙ), ग्लाइकोजीन सिंथेस काइनेज–3– और एम टोर के प्रभाव का मूल्यांकन। के.एच. रीता, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, 2011–12, 4 लाख रुपए।

15. चूहों में सिस्लैटिन इनड्यूस्ट नेक्रोटॉक्सिसिटी में इपिकेटेक्नीगालेटी, नोबिलेटिन और हेसपेरिडिन के रेनोप्रोटैक्टिव प्रभाव का मूल्यांकन। जागृति भाटिया, डीबीटी, 2012–15, 37,72,390 रुपए।

पूर्ण

1. स्वास्थ्य उपचार प्रणाली में पर्यावरण पारा प्रदूषण की जागरूकता का मूल्यांकन : निवारण के लिए समाधान और कार्यनीति, वाई के गुप्ता, पर्यावरण और वन मंत्रालय, भारत सरकार, 2008–11, 22 लाख रुपए।

2. गीाीर म्येलॉइड ल्युकेमिया में कीमोथेरेपी की प्रतिक्रिया के प्रेडिक्टर के रूप में डीएनए क्षति का इन विट्रो मूल्यांकन। के एच रीता, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, 2010–11, 1 लाख रुपए।

विभागीय परियोजनाएं

जारी

1. चुने गए भारतीय औषधीय पौधों का ऐन्टिइपिलेप्टिक गुण का मूल्यांकन और उनकी क्रिया का मेकेनिज्म।
2. चूहों में कोगनिटिव कमी के लिए क्लिटोरिऐटरनेटिया और इवोलल्युसजकवनॉड्स का मूल्यांकन।
3. रीनल और हेपाटिक क्रिया पर पारंपरिक रूप से प्रयुक्त आयुर्वेदिक रस औषधियों का प्रभाव : क्लिनिकल और प्रयोगात्मक अध्ययन।
4. चूहों में ट्रांसिएंट फोकल प्रमस्तिष्क इश्चेमिया पर इम्युनोसप्रेसिव एजेंटों (माइकोफेनोलैटेमोफेटिल और रैपामाइसिन) का अध्ययन।
5. ऐन्टि एपिलेप्टिक औषधि के साथ आयुर्वेदिक औषधियों का फार्माकोकिनेटिक्स और फार्माकोडाइनामिनिकइंटरएक्शन : एक प्रयोगत्मक और क्लिनिकल अध्ययन।
6. मिर्गी वाले बच्चों में बोन मिनरल की सघनता और विटामिन डी की स्थिति संबंधी ऐन्टि–एपिलेप्टिक औषधि उपचार का प्रभाव।
7. भारत के औषधि विनियामक दिशानिर्देशों सहित आईएनडी अनुप्रयोगों के अनुपालन का मूल्यांकन।
8. टरटियरी उपचार अस्पताल में भारतीय आबादी के ट्रेस ऐलिमेंट स्थिति पर ऐन्टि–एपिलेप्टिक उपचार का प्रभाव।
9. आर्थराइटिस में कैलोट्रॉपिसप्रोसेरा लेटेक्स फ्रैक्शंस का फाइटोथेराप्यूटिक महत्त्व।

पूर्ण

1. घुटने के आस्टेरोआर्थराइटिस के रोगियों में पता चले घटकों के सीरम का स्तर : प्रस्त–अनुभागीय अध्ययन।
2. आर्टेमिजन कंबिनेशन के लिए विशेष बल सहित मलेरिया–रोधी औषधियों का फार्माकोविजिलेंस।
3. घुटने के आस्टेरोआर्थराइटिस से पीड़ित रोगियों न्यूट्रास्यूटिकल एस–ऐडेनोसिल एल–मेथियोदाइन (एसएएमई) की सुरक्षा और प्रभाव के मूल्यांकन के लिए व्यापक पर्सपेक्टिव ओपन लेबल्ड प्रायोगिक अध्ययन।
4. हर्बल औषधि और ऐन्टिएपिलेप्टिक औषधि के बीच फार्माकोलॉजिकल इंटरएक्शन।
5. चूहों में सिप्लैटिन इनड्यूस्ड नेफ्रोटॉक्सिसिटी में में एम्बिलकोफिसिनलिस के रीनोप्रोटैक्टिव प्रभाव का मूल्यांकन।
6. डॉक्सोरुबिसिन–इनड्यूस्ड कार्डियोमायोपैथी पर फेबुक्सोस्टैट, जैनथाइन ऑक्सिडेस इनहिबिटर के प्रभाव का मूल्यांकन।

सहयोगी परियोजनाएं

जारी

1. भारत में एचआईवी और क्षय रोग से एकसाथ प्रभावित रोगियों में नेविरैपाइन और रैफामपिसिन के कोनकामिटेंट प्रयोग का प्रभाव और सुरक्षा (औषधि विभाग, एम्स)।

प्रकाशन

पत्रिकाएं	:	**24**
सार	:	**6**
पुस्तकों के अध्याय	:	**1**

रोगी उपचार

क्लिनिकल भेषजगुण–विज्ञान सुविधा

विभाग के क्लिनिकल भेषजगुण विंग में स्वस्थ वालंटीयरों पर अध्ययन करने की सुविधा है। पीपीबी स्तर पर इनडक्टिवली कपल्ड प्लाज्मा स्पेक्ट्रोफोटोमीटर (आईसीपी) द्वारा पीबी, सीडी, सीयू, एफई, जेडएन, एचजी, एक, पीटी, एयू, एमजी, एमएन, सीआर, सीओ, एसई, एसआर, एनआई, एएल के जैविक नमूनों का अनुमान लगाने के लिए विभाग में मानक विधि है।

उपचार संबंधी औषधि मॉनीटरिंग सुविधा

भेषजगुण–विज्ञान विभाग में उपचार संबंधी औषधि मॉनीटरिंग (टीडीएम) सुविधा की प्रकार्यात्मकता की दो एचपीएलसी प्रणालियां हैं ताकि रोगी के नमूनों में औषधि के स्तर का अनुमान लगाया जा सके। सामान्यतः अनुमानित औषधियों में ऐन्टिऐपिलेप्टिक औषधि (फिनाइटॉइन, फिनोबारबियोटोन, कार्बमाजेपाइन और सोड़ियम वालप्रोऐट), कैंसर–रोधी/ ऐन्टिरुमेटिक औषधि (मैथोट्रैक्सेट) और इम्युनोसप्रेसैंट (माइकोफेनोलिक ऐसिड) आदि शामिल हैं। टीडीएम सुविधा की कार्यनीति न्यूनतम औषधि टॉक्सिसिटी और अधिकतम उपचार लाभ के लिए सर्वोत्तम औषधि की खुराक देना है। यह सुविधा विभाग के अध्यापन क्रियाकलापों में भी शामिल है और इसमें विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। अनुसंधान भी इस सुविधा का महत्त्वपूर्ण क्रियाकलाप है। कई अन्य विभागों के साथ सहयोगी परियोजनाओं में कार्यरत।

परियोजनाएं

पूर्ण

1. चुने हुए भारतीय प्लांटसैंड के ऐन्टिएपिलेप्टिक गुण का मूल्यांकन और उनकी क्रिया का मेकेनिज्म।
2. यूजीटीआईए–6 के जेनेटिक पॉलिमार्फिज्म की व्यापकता का अध्ययन और वालप्रोऐट मोनोथेरेपी संबंधी बच्चों में सीरम वालप्रोऐट स्तर के साथ उसका संबंध।
3. साइटोक्रोम च–450 बलच2ब9 के जेनेटिक पॉलिमार्फिज्म के प्रभाव का अध्ययन करना और फेनाटॉइन मोनोथेरेपी वाले बच्चों में आषधि के स्तरों के साथ उसका संबंध।
4. उच्च खुराक मैथोट्रैऐक्सिटी के फार्माकोकिनेटिक और टॉक्सिसिटी प्रोफाइल तथा भारतीय बच्चों में सीरम क्रिटिनाइन के साथ उसका संबंध।
5. ऐन्टिएपिलेप्टिक औषधि के साथ हर्बल औषधियों का फार्माकोकिनेटिक संव्यवहार : मोलेक्यूलर मेकेनिज्म।
6. इंट्रापार्टम मैटर्नल–फेटल स्तर के बीच सह–संबंध और प्रीटर्म वीएलबीडब्ल्यू नवजातों में सीरम रेटिनोल में पोस्ट–नाटल परिवर्तन।

परियोजनाएं

जारी

1. इस बात का मूल्यांकन करना कि क्या सीरम और स्लाइवामुक्त ऐन्टिएपिलेप्टिक औषधियों का स्तर बराबर होता है।
2. बिना लेबल की औषधियों में स्टियरॉइड का पता लगाना (गुणात्मक अनुमान)।
3. पारंपरिक ऐन्टिएपिलेप्टिक सहित आयुर्वेदिक औषधियों का फार्माकोडायनमिक और फार्माकोकिनेटिक संव्यवहार : प्रयोगात्मक और क्लिनिकल अध्ययन।
4. टाइप–2 मधुमेह, रुमेटॉयडआर्थराइटिस और मिर्गी के उपचार में प्रयुक्त चुने गए हर्ब्स और ऐलोपैथिक औषधियों का हर्ब–औषधि संव्यवहार अध्ययन।

राष्ट्रीय विष सूचना केंद्र

1. राष्ट्रीय विष सूचना केंद्र (एनपीआईसी) फिजिशयनों, पैरा–मेडिकल कार्मिकों, आम जनता, गैर–सरकारी संगठनों और विभिन्न सरकारी एजेंसियों को उपचार की सुविधा प्रदान करने के लिए चौबीसों घंटे विभिन्न विषायनों का उपचार करने के संबंध में सूचना प्रदान करता है।

2. राष्ट्रीय विष सूचना केंद्र में ऐसे विभिन्न उत्पादों के कारण विषायन संबंधी अद्यतन साहित्य उपलब्ध है जिसमें घरेलू मदें कृषि और औद्योगिक रसायन, औषधि पर्यावरणीय विषैले पदार्थ शामिल हैं। इनमें पौधों, पशुओं के काटने, डंक मारने और अन्य विविध उत्पाद भी शामिल हैं। केंद्र में प्राप्त आंकड़ों को संकलित किया जाता है और उनका विश्लेषण किया जाता है।

राष्ट्रीय विष सूचना केंद्र, भेषजगुण–विज्ञान विभाग

कुल प्राप्त कॉलों की संख्या : 1715

	संख्या	प्रतिशत
विषायन की कॉल	1619	94.4
सूचना कॉल	96	5.6
लिंग		
पुरुष	970	60.0
महिला	649	40.0
श्रेणियां		
घरेलू उत्पाद	736	45.5
औद्योगिक रसायन	123	7.6
कृषि कीटनाशी	274	17.0
औषधियां	346	21.3
काटना और डंक मारना	39	2.4
पौधे	48	3.0
विविध	35	2.1
अज्ञात	18	1.1

भारत का फार्माको–विजिलैंस कार्यक्रम

भेषजगुण–विज्ञान विभाग प्रतिकूल औषधि प्रतिक्रिया मॉनीटरिंग केंद्र संचालित करता है। प्रतिकूल औषध प्रतिक्रिया (एडीआर) के आंकड़े एकत्र, संकलित किए जाते हैं, उनका मूल्यांकन किया जाता है और उसके बाद उन्हें राष्ट्रीय प्रतिकूल औषधि प्रतिक्रिया मॉनीटरिंग केंद्र को भेज दिया जाता है। वर्ष के दौरान एकत्र किए गए एडीआर प्रकारों की कुल संख्या 1,542 थी।

पुरस्कार, सम्मान और महत्त्वपूर्ण घटनाएं

आचार्य वाई के गुप्ता को अंतरराष्ट्रीय कार्डियोवास्कुलर–विज्ञान अकादमी, कार्डियोवास्कुलर–विज्ञान औषधि और शल्यचिकित्सा सम्मेलन, विन्निपेग, कनाडा में फरवरी, 2012 को 'आजीवन उपलब्धि पुरस्कार' प्रदान किया गया।

आचार्य एस के मौलिक को अंतरराष्ट्रीय कार्डियोवास्कुलर–विज्ञान अकादमी, कनाडा का अध्येता चुना गया और उन्हें अंतरराष्ट्रीय कार्डियोवास्कुलर–विज्ञान अकादम, कनाडा का विशिष्ट सेवा पुरस्कार प्रदान किया गया।

आचार्य कमल किशोर चिकित्सीय सूचना विज्ञान संबंधी आठवें राष्ट्रीय सम्मेलन के वैज्ञानिक सलाहकार बोर्ड के सदस्य थे।

डॉ के एच रीता को राष्ट्रीय चिकित्सा–विज्ञान अकादमी, भारत (2011) के सदस्य के रूप में चुना गया है।

डॉ जागृति भाटिया भारतीय ऐथेरास्केलेरासिस अनुसंधान सोसाइटी के तीसरे राष्ट्रीय सम्मेलन, जम्मू, 25 से 27 नवंबर, 2011 की राष्ट्रीय सलाहकार समिति की सदस्य थीं।

9.30 भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास

आचार्य एवं अध्यक्ष

यू. सिंह

आचार्य

संजय वाधवा

अपर आचार्य

एस एल यादव

गीता हाण्डा

पर्यवेक्षक चिकित्सा समाज सेवा अधिकारी

किरण बाला सिंह

मुख्य भौतिक चिकित्सक

अविनाश धारगव

वरिष्ठ भौतिक चिकित्सक

ओ. पी. यादव

वरिष्ठ व्यावसायिक चिकित्सक

रमन कुमार सिंह

लिली फरहत परवीन

वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी

अजय बब्बर

शिक्षा

स्नातक पूर्व शिक्षा

08 व्याख्यानों / सेमिनारों के सेट संचालित किए गए। जब भी आवश्यकता हुई, नैदानिक प्रदर्शन (डेमोन्स्ट्रैशन) प्रदान किया गया।

स्नातकोत्तर प्रशिक्षण

एमडी (पीएमआर) में, दस छात्रों में से दो ने उत्तीर्ण किया और एक ने त्याग पत्र दिया। शेष छात्रों की एमडी जारी रही। समय समय पर विभाग में एमडी (सामुदायिक चिकित्सा, बाल चिकित्सा, काय चिकित्सा), एमएस (अस्थिरोग), डी एम (तंत्रिका विज्ञान एवं बाल तंत्रिका विज्ञान), एम एच ए छात्रों, तथा स्नातकोत्तर नर्सिंग छात्रों की तैनाती की गई और उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

क्रमिक आयुर्विज्ञान शिक्षा कार्यक्रम/कार्यशालाएं/संगोष्ठियां/राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

प्रदत्त व्याख्यान : 4

विभाग के संकाय - सदस्यों, रेजीडेंटों तथा स्टाफ सदस्यगण द्वारा प्रस्तुत मौखिक पत्र / पोस्टर : 14

अनुसंधान

विभागीय परियोजनाएं

जारी

1. प्लांटर फैस्सिटिस के उपचार के लिए प्रोलोथेरेपी बनाम कोर्टिकोस्टेरॉइड इंजैक्शन।
2. एक यादृच्छिक नियंत्रित परीक्षण। एक पक्षीयट्रांसटिबियल छिन्नांग में स्थूणक लंबाई, चाल पैरामीटर तथा गतिक संतुलन के मध्य संतुलन।
3. फूट ड्रॉप रोगियों में अग्र तथ पश्च एंकल फूट ओर्थोसिस की तुलना।
4. सेरिब्रल पाल्सी से पीड़ित बच्चों के मामले में देखभालप्रदाताओं में देखभाल कर्ता का भार एवं तनाव
5. पाद दाब पर मेडिकल कम्पार्टमेंट ओस्टियोआर्थराइटिस घुटने से पीड़ित रोगियों में जूतों में लेटरल वेजिंग इनसोल का प्रभाव।
6. प्राइमरी ओस्टियो आर्थराइटिस घुटने वाले रोगियों में पेशियों का मजबूत करने वाले व्यायामों से पहले तथा बाद में घुटने के जोड़ के आस पास क्वाड्रीसेप्स तथा हैमस्ट्रिंग पेशियों की सह सक्रियता का तुलनात्मक अध्ययन।
7. स्पाईनल कोर्ड इंज्यूरी वाले रोगियों में ऑटोनोमिक दुष्क्रियाओं के मूल्यांकन हेतु क्रॉस सेक्शनल अध्ययन।

पूर्ण

1. स्पेस्टिक सेरिब्रल पॉल्सी से पीड़ित बच्चों में चाल पैटर्न पर बॉटूलिनियम टॉक्सिन ए के इंजैक्शन के प्रभावों का एक अध्ययन।
2. एन्कीलॉसिंग स्पॉन्डिलाइटिस से पीड़ित रोगियों में रीढ़ गतिशीलता, थकान, जीवन की गुणवत्ता, रोग सक्रियता तथा कार्यात्मक क्षमता पर गृह आधारित व्यायाम चिकित्सा के प्रभाव।
3. प्लांटर फैस्सिटिस से पीड़ित रोगियों में केवल डिक्लोफिनेक से उपचार किए गए तथा अल्ट्रासोनिक चिकित्सा के साथ डिक्लोफिनेक से उपचार किए गए रोगियों में पद दाब बल विश्लेषण का तुलनात्मक अध्ययन।

सहयोगी परियोजनाएं

जारी

1. मुखीय कोलेकैलीफिरोल संपूर्ण से पूर्ण और पश्चात् क्रॉनिक हाइपो - विटामिनोसिस डी वाले एशियाई भारतीयों में ऊर्जा चयापयच, अस्थि खनिज हेमोस्टेसिस तथा टीएच 1/टीएच 2 साइटोकाइन्स अभिव्यक्ति सहित स्केलेटल पेशीय मजबूती। डॉ. आर. गोस्वामी के सहयोग से (अंतः स्राविकी एवं चयापचय, अ. भा. आ. सं.)

प्रकाशन

सार : 9

रोगी उपचार

विभाग में उपलब्ध सुविधाएं

रोगी	**रोगी उपचार क्षेत्र**	**रोगियों की संख्या**
	ओपीडी	15970
नए रोगी	प्रोस्थेटिक एवं आर्थोटिक	4902
	बल्लभगढ़ पीएमआर ओपीडी	2678
	कुल नए रोगी	**23550**
	ओपीडी	13636
	ओपीडी में आए पी टी सेक्शन	17652

	ओपीडी में आए ओ टी सेक्शन	25713
	ओपीडी में आए एम एस डब्ल्यू	6587
पुराने मामले	अशक्तता मूल्यांकन क्लिनिक	167
	रेलवे रियायत प्रमाण पत्र	435
	प्रोस्थेटिक एवं ओर्थोटिक	15460
	लघु ऑपरेशन कक्ष ऑपरेशन	2516
	कुल पुराने रोगी	**82166**

सामुदायिक सेवाएं / शिविर : विभाग के संकाय सदस्यों एवं रेजीडेंटों ने अशक्तता से ग्रस्त रोगियों के पुनर्वास हेतु शिविरों की एक श्रृंखला में भाग लिया, मथुरा।

पुरस्कार, सम्मान एवं महत्वपूर्ण घटनाएं

आचार्य यू. सिंह को निम्नलिखित का सदस्य नियुक्त किया गया :- रीहैब्लीटेशन काउंसिल ऑफ इण्डिया, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की लोकोमीटर, लैप्रोसी क्योरड आदि संबंधी उप - समिति; नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर दि ऑर्थोपेडिकली हैण्डीकैप्ड, कोलकाता की शैक्षिक समिति; बी आई एस, रीहैबलीटेशन एपलाइंसिस एण्ड इक्यूपमेंट फॉर डिसैबल्ड सैक्शनल समिति (एम एच डी 10); मेडिकल कॉलेजों में पी एम आर के विभागों सुविधाओं की उन्नयन का निरीक्षण करने हेतु सलाहकार समिति, डी सी एच एस, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार; अनुसंधान समिति, गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर; स्पाईनल कोर्ड इंजरी निवारण समिति, इंटरनेशनल स्पाईनल कॉर्ड सोसायटी; इंटरनेशनल स्पाईनल कोर्ड सोसायटी के तत्वावधान में रीढ़ की हड्डी की चोट के व्यापक उपचार के ई-लर्निंग उपकरण के विकास हेतु 'रीढ़ की हड्डी की चोट के 'आरंभिक तथा बाद की जलिटताओं' पर ई-लर्निंग उपकरण संबंधी उप-समिति; इंटरनेशनल जरनल ऑफ बायोसाइंसिस एण्ड टैक्नोलॉजी (आईजेबीएसटी) के संपादक मण्डल के मानद सदस्य। वह इण्डियन जरनल ऑफ फिजिकल मेडिसिन एण्ड रीहैब्लीटेशन के सम्मानित संपादक; परामर्शदाता संपादक तथा समीक्षक, जरनल ऑफ रीहैब्लीटेशन काउंसिल ऑफ इण्डिया लोकोमीटर एण्ड एसोसिएटिड डिसैबिलिटस; संपादकीय मण्डल के सदस्य, इण्डियन जरनल ऑफ फिजियोथेरेपी एण्ड ऑक्यूलेशन थेरेपी हैं। वह भारतीय चिकित्सा परिषद् के निरीक्षक भी हैं। उन्हें अपग्रेडेशन ऑफ फैसिलिटिस इन दि डिपार्टमेंट्स ऑफ फिजिकल मेडिसन एण्ड रिहैब्लीटेशन इन मेडिकल कॉलेजिस, डी जी एच एस स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, की विशेषज्ञ समिति का अध्यक्ष; अध्यक्ष, वैज्ञानिक सत्र 4, आई ए पी एम आई डब्ल्यू बी स्टेट चैप्टर वार्षिक सम्मेलन, 13 अप्रैल 13, 201; अध्यक्ष, वैज्ञानिक सत्र 2, विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों संबंधी यू. एन. सम्मेलन पर स्वा. एवं परि. कल्याण मंत्रालय के संबंध में दिशा निर्देशों के विकास हेतु राष्ट्रीय कार्यशाला, 18 अक्तूबर 2011; अध्यक्ष, वैज्ञानिक सत्र 3, इण्डियन एसोसिएशन ऑफ फिजिकल मेडिसन एण्ड रीहैब्लीटेशन का 40वां वार्षिक सम्मेलन, त्रिवेंद्रम, 21 जनवरी 2012; तथा अध्यक्ष, विशिष्टता मण्डल, फिजिकल मेडिसन एण्ड रीहैब्लीटेशन, भारतीय चिकित्सा परिषद् भी नियुक्त किया जाए। वह इण्डियन एसोसिएशन ऑफ फिजिकल मेडिसिन एण्ड रीहैब्लीटेशन की शैक्षिक समिति के संयोजक हैं।

डॉ. गीता हाण्डा को 5 दिसंबर 2011 को इण्डिया मेडटैक सम्मिट 2011, नई दिल्ली में स्टेनफोर्ड इण्डिया बायोडिजाइन फैलोशिप कम्पलीशन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। वह दिनांक 9-10 नवंबर 2011 को पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एण्ड रिसर्च, डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल, नई दिल्ली - 110001 में डी जी एच एस द्वारा आयोजित ऑटिज्म स्पैक्ट्रम डिस्ऑर्डर्स पर राष्ट्रीय कन्सलटेटिव कार्यशाला हेतु विशेषज्ञ पैनल के सदस्य हैं। उन्हें नेशनल रिसर्च डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन एण्ड इण्डिया काउंसिल ऑफ दि इण्डियन सोसायटी ऑफ इंटरनेशनल लॉ (आई एस आई एल) में दिनांक 11-12 नवंबर 2011 को आयोजित इंटैलेक्चुअल प्रॉपर्टी एण्ड इनोवेशन मैनेजमेंट इन मेडिकल रिसर्च (वैज्ञानिकों तथा अनु. एवं विकास व्यावसायिकों के लिए एक कार्यशाला) में प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया था।

9.31 शरीरक्रिया विज्ञान

आचार्य एवं अध्यक्ष

जयश्री सेनगुप्ता (1 अप्रैल 2011-29 फरवरी 2012)	रश्मि माथुर (1 मार्च 2012 से आगे)

आचार्य

किशोर कुमार दीपक	हरुदानंदा मल्लिक	देबब्रत घोष
सुशील सी. महापात्रा		कंवलप्रीत कोच्चर

अपर आचार्य

रत्ना शर्मा	नलिन मेहता	सुमन जैन
शोक कुमार जरयाल		राज कुमार यादव

सह-आचार्य

अंजना तलवार	संजय कुमार सूद

विशिष्टताएं

स्नातकपूर्व, स्नातकोत्तर शिक्षण में सम्मिलित रहा है। संकाय सदस्यों ने भी इन हाउस अथवा अ. भा. आ. सं. और अन्य संस्थानों में सी एम ई, कार्यशालाएं और संगोष्ठियां आयोजित करके स्नातकपूर्व, स्नातकोत्तर शिक्षण एवं अनुसंधान तकनीकों में छात्रों को प्रशिक्षित करना आरंभ किया। इसके अतिरिक्त, संकाय - सदस्यों ने ऑटोनोमिक नर्वस सिस्टम; संकाय - सदस्यों; प्रजनन; श्वसन तथा संपूर्ण मन - शरीर के शरीरक्रिया विज्ञान सहित तंत्रिका शरीर क्रिया विज्ञान में चालीस बाह्य तथा अंतरंग अनुसंधान अध्ययन निष्पादित किए हैं। अनुसंधान के परिणामों को दोनों राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिकों फोरमों में प्रस्तुत किया गया तथा सूचीबद्ध पत्रिकाओं में प्रकाशनों को प्रस्तुत किया गया। उनके मूल अनुसंधान के आधार पर विभाग द्वारा पीड़ा उपचार, ऑटोनोमिक तथा वाहिका प्रथार्थ मूल्यांकन, इन-विट्रो प्रजनन तथा भ्रूण अंतरण (आईवीएफ-ईटी), करैक्टिव सर्जरी के दौरान इंट्रा-ऑपरेटिव निगरानी और मन शरीर चिकित्सा में आधुनिक तकनीकों के प्रयोग द्वारा रोगी उपचार में महत्वपूर्ण सहायता प्रदान की है। विभाग के संकाय सदस्यों तथा छात्रों द्वारा शिक्षण तथा अनुसंधान में उनके नए योगदान के सम्मान में कई पुरस्कार तथा सम्मान प्राप्त किए गए हैं।

विभाग का सबसे महत्वपूर्ण कार्य रहा कि विभाग द्वारा दिनांक 13-17 दिसंबर 2011 के दौरान फिजियोलॉजी एण्ड फार्माकोलॉजिक्ट्स का 57वां वार्षिक सम्मेलन (एपिकॉन 2011) को मेजबानी की गई जिसमें अ. भा. आ. सं. में दस सी एम ई / कार्यशालाएं तथा बारह अग्रणी विषयों पर राष्ट्रीय / अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियां सम्मिलित थी। एपिकॉन 2011 में देश तथा विदेश के विभिन्न भागों से आए हजार से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

संपूर्ण स्वास्थ्य क्लिनिक (आईएचसी) द्वारा नियमित रूप से एम्स कर्मचारियों और उनके परिवारों तथा छात्रों के लिए विशिष्ट रूप से तैयार डी-स्ट्रैसर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष के दौरान कुल 129 स्टाफ सदस्यों तथा 18 छात्र लाभान्वित हुए हैं।

शिक्षा

स्नातक पूर्व, स्नातकोत्तर तथा परा चिकित्सा

विभाग द्वारा एम बी बी एस प्रथम वर्ष के छात्रों को लगभग 400 घण्टे का और बी एस सी नर्सिंग तथा संबद्ध पाठ्यक्रमों के छात्रों

को लगभग 60 घण्टे का शिक्षण प्रदान किया गया। विभाग द्वारा शरीर क्रिया विज्ञान में एम डी और एम एस सी पाठ्यक्रम और पी एच डी अध्यायन का संचालन किया जा रहा है।

क्रमिक आयुर्विज्ञान शिक्षा/कार्यशालाएं/संगोष्ठी/राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

विभाग द्वारा आयोजित।

1. बायोप्लेक्स इम्यूनोएस्से पर हैंडस ऑन कार्यशाला 9-10 मई 2011, शरीर क्रिया विज्ञान विभाग, अ. भा. आ. सं. नई दिल्ली।
2. संगोष्ठी 'शीर्षक न्यू लूक इन टू प्रीऑप्टिक एरिया फंक्शन्स' वर्ल्ड स्लीप सम्मेलन 2011, 16-20 अक्तूबर क्योटो, जापान।
3. 'शरीर क्रिया विज्ञान / काय चिकित्सा में सिस्टम्स बायोलॉजी पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी, 13 दिसंबर 2011, जवाहर लाल नेहरु सभागार, आ. भा. आ. सं. नई दिल्ली।
4. एसोसिएशन ऑफ फिजियोलॉजिस्ट्स एण्ड फार्माकोलॉजिस्ट्स ऑफ इण्डिया 2011 को 57वां वार्षिक सम्मेलन (एपिकॉन 2011), 13-17 दिसंबर 2011, अ. भा. आ. सं., नई दिल्ली
5. हैंड्स ऑन कार्यशाला (1) वाहिका प्रकार्यों के अध्ययन में उन्नत तकनीकें (2) ऑटोनोमिक प्रकार्यों के अध्ययन में मूल तकनीकें (3) संपूर्ण स्वास्थ्य उपचार एवं योगा का अभ्यास (4) प्रजनन के अध्ययन में मैमालियन कोशिका संवर्धन एवं आण्विक जीव विज्ञान उपकरण (5) बोध का तंत्रिका विज्ञान तथा (6) क्वांटीटेटिव ई ई जी :- बांध प्रकार्यों का मूल्यांकन करने का एक उपकरण, अ. भा. आ. सं. नई दिल्ली में 14 दिसंबर 2011 को एसोसिएशन ऑफ फिजियोलॉजिस्ट्स एण्ड फार्माकोलॉजिस्ट्स ऑफ इण्डिया 2011 (एपिकॉन 2011) के 57वें वार्षिक सम्मेलन के भाग के रूप में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा वित्तपोषित।
6. एसोसिएशन ऑफ फिजियोलॉजिस्ट्स एण्ड फार्माकोलॉजिस्ट्स ऑफ इण्डिया 2011 (एपिकॉन 2011) के 57वें वार्षिक सम्मेलन के भाग के रूप में भोजन व्यवहार पर बी के आनंद संगोष्ठी, 15 दिसंबर 2011, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली।
7. एसोसिएशन ऑफ फिजियोलॉजिस्ट्स एण्ड फार्माकोलॉजिस्ट्स ऑफ इण्डिया 2011 (एपिकॉन 2011) के 57वें वार्षिक सम्मेलन के भाग के रूप में यूमामी दि 5वें बेसिक टेस्ट : फ्रॉम टेस्ट टू थेराप्यूटिक्स, 15 दिसंबर 2011, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली।
8. फार्माकोलॉजिस्ट्स ऑफ फिजियोलॉजिस्ट्स एण्ड फार्माकोलॉजिस्ट्स ऑफ इण्डिया 2011 (एपिकॉन 2011) के 57वें वार्षिक सम्मेलन के एक भाग के रूप में प्रजनन शरीरक्रिया विज्ञान पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी, 15 दिसंबर, 2011 अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली।
9. एसोसिएशन ऑफ फिजियोलॉजिस्ट्स एण्ड फार्माकोलॉजिस्ट्स ऑफ इण्डिया 2011 (एपिकॉन 2011) के 57वें वार्षिक सम्मेलन के एक भाग के रूप में बोध के तंत्रिकाविज्ञान पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी, 16 दिसंबर, 2011, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली।
10. एसोसिएशन ऑफ फिजियोलॉजिस्ट्स एण्ड फार्माकोलॉजिस्ट्स ऑफ इण्डिया 2011 (एपिकॉन 2011) के 57वें वार्षिक सम्मेलन के एक भाग के रूप में 'जीवन शैली और योग' पर संगोष्ठी, 16 दिसंबर 2011, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली।
11. एसोसिशन ऑफ फिजियोलॉजिस्ट्स एण्ड फार्माकोलॉजिस्ट्स ऑफ इण्डिया 2011 (एपिकॉन 2011) के 57वें वार्षिक सम्मेलन के एक भाग के रूप में बायो प्लेक्स माइक्रोबेड एरै सिस्टम पर हैंडस ऑन कार्यशाला, 19 दिसंबर 2011, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली।

12. एसोसिएशन ऑफ फिजियोलॉजिस्ट्स एण्ड फार्माकोलॉजिस्ट्स ऑफ इण्डिया 2011 (एपिकॉन 2011) के 57वें वार्षिक सम्मेलन के एक भाग के रूप में वी3 वेस्टर्न ब्लौट वर्कफ्लो पर हैंडस ऑन कार्यशाला, 20 दिसंबर 2011, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली।

प्रदत्त व्याख्यान

रश्मि माथुर : 1
के. के. दीपक : 7
एच. एन. मल्लिक : 3
डी. घोष : 2
एस. जैन : 4
ए. के. जरयाल : 3
आर. के. यादव : 1
एस. सूद : 1
मौखिक पत्र एवं पोस्टर : 18

अनुसंधान
वित्तपोषित परियोजनाएं
जारी

1. जारी कॉजनिटिव इम्पेयरमेंट तथा अल्जाइमर रोग में क्वांटिटेटिव ई ई जी परिवर्तनों, बोध प्रकार्य तथा तनाव का एक अध्ययन। आर. शर्मा। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग 2010-13, संख्या 82 लाख।
2. ह्यूमन प्लेसेंटल साइटोट्रोफोब्लास्ट कोशिकाओं पर सेटियोनिक ए-हैलीकल एंटीमाइक्रोबायल पेप्टाइड के कार्य कोशिकीय तथा आण्विक आधार। डी. घोष, भारतीय अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकी परिषद्, 2012-15, संख्या 41,58,457
3. हाई थ्रूपूट प्रोटियोमिक्स स्ट्रैटजी का प्रयोग करके इंडोमैट्रियोसिस को समझना। डी. घोष। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, 2010-13, 35 लाख।
4. चूहों में मेडिकल प्रीऑप्टिक एरिया स्टीम्यूलेशन द्वारा न्यूक्लियस ट्रैक्टस सॉलिटेरियस में बेरोसेन्सिटिव तथा कीमोसेन्सिटिव न्यूरोंस की सक्रियता का मॉड्यूलेशन। सं. के. जरयाल, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, 2009-12, संख्या 34,83,000
5. प्राइमेट में ब्लास्टोसिस्ट इम्पालंटेशन हेतु इंडोमेटरियल सुग्राहिता : सिस्ट्रक्स बायोलॉजी एप्रोच। डी. घोष। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, 2009-12, 34,10,000।
6. सगर्भता स्थापना हेतु ह्यूमन कोरियोनिक गोनाडाट्रोपिन इन्डोमेटरियल रिसेप्टिविटी की भूमिका। डी. घोष। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, 2008-12 रुपए 33,89,400
7. डिस्लेक्सिस में इवेंट रिलेटिड इवोक्ड पोटेन्शियल अध्ययन। एस. के. सूद। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, 2008-12, संख्या 32,45,600।
8. स्थूल रोगियों में बायोमार्करों का प्रयोग करके ग्लूकोज मेटाबॉलिज्म पर बेरियाट्रिक शल्य चिकित्सा के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए अग्रदर्शी अध्ययन। आर. के. यादव। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद्। 2012-15, 29 लाख रुपए।
9. चुम्बकीय क्षेत्र प्रभावन तथा फैरोमेगनेटिक नैनोपारटिकल्स के प्रतिरोपण के पश्चात् पारकिन्सन रोग के 6 हाइड्रोक्सिडोपाइन (6 ओ एच डी ए) वयस्क चूहा मॉडल में प्रेरक तथा संज्ञानात्मक व्यवहार। एस. जैन। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, 2009-12, रुपए 26,18,920

10. चूजों में प्रसव पूर्व आवृतिमूलक श्रवण उद्दीपन के पश्चात् विड्यूल कॉरटेक्स का कार्यात्मक विकास (गैलस डॉमेस्टिक्स) : नोराड्रिनालाइन की भूमिका। एस. जैन। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग। 2011-14, 23,12,000।

11. अंतः कला दुष्क्रिया, स्थूलता तथा मधुमेह के मार्फरों के संबंध में शामृक अधिक वजन वाले रोगियों में योग तथा आहार संबंधी प्रबंधन की क्षमता। आर. के. यादव। सेन्द्रल काउंसिल फॉर रिसर्च इन योगा एण्ड नैचूरोपैथी (सी सी वाई आर एन), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, 3 वर्ष, 2009-12 23 लाख रुपए।

12. पारकिन्सन रोग जन्मजात दोषों के क्वांटिटेटिव ई ई जी सह संबंध। आर. शर्मा, डी बी टी, 3 वर्ष, 2011-14, 22,00,000 रुपए।

13. चूहों में थार्मोजेनेसिस तथा निद्रा पर आहारिक ग्लूटामेट की भूमिका (एच. एन. मल्लिक, अजिनोमाटो कं., जापान, 3 वर्ष, 2011-14, 30,00 अमेरिकी डॉलर।

14. ध्यान के मनोतंत्रिकाप्रतिरक्षा प्रभाव : पी ई टी तथा बायोकैमिकल मार्कर्स / आर. के. यादव, डी बी टी, 2008-11, 14,00,000 रुपए।

15. पेल्विक इन्डोमैट्रियोसिस की विकृतिशरीरक्रिया विज्ञान में एडिपोकाइन मेडिएटिड इन्फ्लैमेशन, एंजियोजेनेसिस तथा प्रोटियोमिक एप्रोच। आर. के. यादव, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, 2011-12। 5,00,000 रुपए।

16. क्रॉनिक ऑब्स्ट्रक्टिव पुलमोनरी रोग तथा आब्स्ट्रक्टिव स्लीप एपनिया के अतिव्यापी संलक्षण में इंडोथेलियम प्रकार्य का मूल्यांकन। ए. तलवार, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, 2011-12, 1 लाख रुपए।

पूर्ण

1. स्पाईनल कोर्ड इज्यूंरी वाले रोगियों में सेंसरीन्मोटर रिकवरी पर पुनरावृत्ति चुम्बकीय उद्दीपन के प्रभाव का अध्यायन करना। डॉ. आर. माथुर, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, 2009-11, 19,88.140 रुपए।

2. स्पाईनलाइज्ड चूहों की सेंसरी मोटर रिकवरी में अस्थि मज्जा स्ट्रोमल कोशिकाओं के प्रतिरोपण तथा चुम्बकीय उद्दीपन का प्रभाव। डॉ. आर. माथुर, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद्, 2008-11, 16,05,952 रुपए

3. इंडोमैट्रिथोसिस के निदान में प्रोटियोमिक एप्रोच तथा बायोमार्करों की भूमिका। आर. के. यादव काउंसिल ऑफ साइंस एण्ड इंड्रस्ट्रियल रिसर्च (2008-11)। 16 लाख रुपए।

4. घरेलू चूजों (गैलस डॉमेस्टिक्स) के विज्युअल वल्सट में साइनेप्टिक प्रोटीनों की अभिव्यक्ति पर प्रसव पूर्व चिरकारी लवणीय उद्दीपन का प्रभाव। डॉ. एच. जैन, एम्स अनुसंधान अनुदान, 2010-11, 1 लाख रुपए।

5. स्वस्थ वयस्कों में घटना संबंधित संभाव्यताओं पर ओसिमम सेंक्टम (तुलसी) पत्तों के अर्क के प्रभाव का अध्ययन करना। डॉ. ए. तलवार। एम्स अनुसंधान अनुदान। 2009-11, 1 लाख रुपए।

विभागीय परियोजनाएं

जारी

1. स्पाईनलाइज्ड चूहों में इलैक्ट्रोमेगनेटिक स्टीम्यूलेशन तथा बोन मैरो स्ट्रोमल सैल ट्रांसप्लांटेशन के पश्चात् सेन्सरीमोटर मूल्यांकन।
2. वेन्ट्रोमिडियल हाइपोथेलमिक फंक्शन पर पूर्ण स्पाईनल कोर्ड इंज्यूरी का प्रभाव : मेगनेटिक फील्ड की भूमिका।
3. 3 जी फ्रीक्वेंसी बैण्ड में अनावृत चूहों में पीड़ा के व्यवहरात्मक, इलैक्ट्रोफिजियोलॉजिकल तथा न्यूरोकैमिकल सहसंबंधों पर चुम्बकीय क्षेत्र का प्रभाव।
4. चूहों के पारकिन्सन मॉडल में ऑक्सीडेटिव स्ट्रैस पर चुम्बकीय क्षेत्र का प्रभाव।
5. चूहों में स्पाईनल कोर्ड के माइक्रोग्लिया से उत्प्रेरित द्वितीय चोट पर चुम्बकीय क्षेत्र का प्रभाव।

6. आर्थोस्टेटिक हाइपोटेंशन के रोगियों में सेरिब्रल ऑटोरेम्यूलेशन तथा सेरिब्रोवैस्कूलर रीएक्टिविटी का मूल्यांकन।
7. प्राणायाम पर आधारित पैटर्न श्वास वाली तकनीकों का प्रयोग करके तथा वाहिकामय घटाव बढ़ाव का श्वसनीय मॉड्यूलेशन।
8. चूहे के थर्मोरेग्यूलेशन में प्रीऑप्टिक एरिया थर्मो टी आर पी वी चैनलों की भूमिका।
9. आंत तथा पुनः अक्षि क्षेत्र में ग्लूटामेट द्वारा उत्प्रेरित थर्मोजेनिसिस की क्रियाविधि।
10. 'योग निद्रा' का विद्युतशरीरक्रियाविज्ञानी लक्षण वर्णन और प्राथमिक अनिद्रा के रोगियों में इसकी भूमिका।
11. माइल्ड कॉजनिटिव इम्पेयरमेन्ट और अल्जाइमर रोग में बोध त्रुटियों और तना प्रतिक्रियाक्षमता का क्वांटिटेटिव ईईजी सहसंबंध।
12. पारकिन्सन रोग में डॉजनिटिव त्रुटियों का क्वांटिटेटिव ई ई जी सह संबंध।
13. क्वांटिटेटिव ई ई जी द्वारा मूल्यांकित अनुसार विज्युओस्पेशियल टास्क परफोरमेंस पर क्रियाशील स्मृति भार का प्रभाव।
14. ध्यान में मनोतंत्रिका प्रतिरक्षा प्रभाव : पी ई टी तथा बायोकैमिकल मार्करों द्वारा मूल्यांकन।
15. मेटाबोलिक संलक्षण पर आहारिक इन्टरवेंशन की तुलना में योग आधारित जीवन शैली इन्टरवेंशन की प्रभावोत्पादकता : एक यादृच्छिक नियंत्रित परीक्षण।
16. थूलता में मधुमेह जोखिम कारकों पर अल्पकालीन जीवन शैली इंटरवेंशन का प्रभाव।
17. इन्डोमैट्रियोसिस से पीड़ित रोगियों के पेरिलोनियल फ्लूड में लैप्टिन तथा गहरिलिन : वी ई जी एफ तथा आई एल 6 के साथ सह संबंध।
18. स्टारटल रीफ्लैक्स के प्रीपल्स मॉड्यूलेशन पर चुनिंदा तथा ऑटोमेटिक ध्यान जाने का प्रभाव।
19. सामान्य रोगियों तथा पारकिन्सन रोग में साकाडिक आई मूवमेंट का बोध नियंत्रण : एक व्यवहारात्मक इवेन्ट रिलेटिड पोटेन्शियल्स एवं कार्यात्मक चुम्बकीय अनुनाद चित्रण अध्ययन।
20. कार्यात्मक चित्रण का प्रयोग करके फेस वर्ड स्ट्रूप टास्क में प्राइमिंग का तंत्रिका सह संबंध।

पूर्ण

1. स्थूलता में हृद वाहिका जोखिम कारकों पर अल्पकालीन योग आधारित जीवन शैली इन्टरवेंशन कार्यक्रम के प्रभावों का अध्ययन।
2. टी सी पी सी (टोटल कैवोपुलमोनरी कनैक्शन) करवा चुके रोगियों तथा / अथवा ओपन एन्टीग्रेड फ्लो वाली सुपीरियर कावोपुलमोनरी एनास्टोमोसिस के रोगियों के बीच व्यायाम जांच पैरामीटरों की तुलना (सी टी वी एस विभाग, अ. भा. आ. सं., नई दिल्ली)।
3. क्रॉनिक ऑब्स्ट्रक्टिव पुलामोनरी रोग में व्यायाम क्षमता का मूल्यांकन (काय चिकित्सा विभाग, अ. भा. आ. सं., नई दिल्ली)।
4. अतिव्यापी संलक्षण में इंडोथेलियल प्रकार्य का मूल्यांकन (काय चिकित्सा विभाग, अ. भा. आ. सं., नई दिल्ली)।
5. इवेन्ट रिलेटिड फंक्शनल मेगनेटिक रिसोनेन्स इमेजिंग का प्रयोग कर रहे स्ट्रूप टास्क पर फोरमेन्स पर प्राइमिंग का प्रभाव (नाभिकीय चुम्बकीय अनुनाद विभाग, अ. भा. आ. सं., नई दिल्ली)
6. ध्यान के मनोतंत्रिका प्रतिरक्षा प्रभाव : पी ई टी तथा बायोकैमिकल मार्करों द्वारा मूल्यांकन (नाभिकीय चिकित्सा विभाग, अ. भा. आ. सं., नई दिल्ली)।
7. पारकिन्सन रोग में बेरीटस्काफ्ट्स पोटेशियल पर सबथेलेमिक न्यूक्लियस का डीप ब्रेन स्टीम्यूलेशन का प्रभाव (तंत्रिका विज्ञान विभाग, अ. भा. आ. सं., नई दिल्ली)।

8. पारकिन्सन रोग के 6 ओ एच डी ए लीजन्ड ऐट मॉडल में ह्यूमन रेटिनल पीगमेंट एपिथेलियल (एच आर पी ई) कोशिकाओं का कार्यान्वयन (तंत्रिका विज्ञान विभाग, अ. भा. आ. सं., नई दिल्ली)।

9. पारकिन्सन रोग के 6-ओ एच डी ए लीजन्ड रैट मॉडल में ह्यूमन एडल्ट रेटिनल पीगमेंट एपिकेलियल (जी आर पी ई) कोशिकाओं का परग्लाउटेशन (तंत्रिका विज्ञान विभाग, अ. भा. आ. सं., नई दिल्ली)।

10. प्रीमेच्योर एजिंग में ओव्यूलेशन इंडक्शन हेतु गोनेडोट्रोपिन्स के सहायक के रूप में डिहाइड्रोएपियनड्रोस्टीरोन (डी एच ई ए) चिकित्सा का मूल्यांकन (प्रसूति एवं स्त्री रोग विज्ञान विभाग, अ. भा. आ. सं., नई दिल्ली)।

11. इन विट्रो फर्टिलाइजेशन तथा भ्रूण अंतरण करवा रही नोर्मोरिस्पोंडर महिलाओं में उसाइट क्वालिटी के विश्वसनीय मार्कर की खोज में फॉलिक्यूलर फ्लूड तथा पैरिफॉलिक्यूलर रक्त प्रवाह का बहु पैरामीटर वाला विश्लेषण (प्रसूति एवं स्त्री रोग विज्ञान विभाग, अ. भा. आ. सं., नई दिल्ली)।

12. सर्विकोवेजिनल सीक्रेशन में फीटल फीब्रोनेक्टिन की पहचान द्वारा समय पूर्व प्रसूति का पूर्वानुमान (प्रसूति एवं स्त्रीरोग विज्ञान विभाग, अ. भा. आ. सं., नई दिल्ली)।

13. मैक्सिलरी प्रोट्रैक्शन थेरेपी के दौरान मिडकेस डेफीशिएंसी वाले बच्चों के समूह में मैस्सैटर एवं टेम्पोरेलिस पेशीय ई एम जी सक्रियता का मूल्यांकन (आर्थोडोंटिक्स विभाग, दंत शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र (सी डी ई आर), अ. भा. आ. सं., नई दिल्ली।

14. ग्लूकोज़ मेटाबोलिज्म पर बेरियाट्रिक सर्जरी के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए अग्रदर्शी अध्ययन : लैप्रोस्कोपिक रोक्स इन वाई गैस्ट्रिक बाई पास तथा लैप्रोस्कोपिक स्लीव गैस्ट्रैक्टॉमी की तुलना (शल्य चिकित्सा विभाग, अ. भा. आ. सं., नई दिल्ली)।

सहयोगी परियोजनाएं

पूर्ण

1. चूजों में ब्रैन स्टेम ऑडिटरी न्यूक्लि हिप्पोकैम्पस तथा स्पेशियल मेमोरी पर प्रसव पूर्व चिरकारी आवाज अनावरण का प्रभाव (शरीर रचना विज्ञान विभाग, अ. भा. आ. सं., नई दिल्ली)।

2. टाइप - 2 मधुमेह में इंसुलिन प्रतिरोध के साथ सेरिब्रोवैस्क्यूलर रीएक्टिविटी तथा सिस्टमेटिक वैस्क्यूलर रीएक्टिविटी का मूल्यांकन तथा सह संबंध (अंतः स्राविकी विभाग, अ. भा. आ. सं, नई दिल्ली)।

3. स्थूल बच्चों में धमनीय कठोरता संकेतकों का मूल्यांकन (अंतः स्राविकी विभाग, अ. भा. आ. सं., नई दिल्ली)

4. वृक्क प्रतिरोपण से पहले तथा बाद में वाहिका प्रकार्यों का मूल्यांकन (वृक्कविज्ञान विभाग, अ. भा. आ. सं., नई दिल्ली)।

5. गुलियन बैरी सिंड्रोम वाले 2 से 14 वर्ष की आयु के बीच के बच्चों में हृदय दर विविधता में क्रम परिवर्तनों का अध्ययन (बाल चिकित्सा विभाग, अ. भा. आ. सं., नई दिल्ली)।

6. पॉलीसिस्टिक ऑवेरियन रोग से पीड़ित महिलाओं में धमनीय कठोरता संकेतकों का मूल्यांकन। (प्रसूति एवं स्त्री रोग विज्ञान विभाग, अ. भा. आ. सं., नई दिल्ली)।

7. इंडोमैट्रियोसिस के निदान में प्रोटियोमिक एप्रोच तथा बायोमार्करों की भूमिका (प्रसूति एवं स्त्रीरोग विज्ञान विभाग, अ. भा. आ. सं., नई दिल्ली)।

प्रकाशन

पत्रिकाएं : 15 **सार : 24** **पुस्तकों में अध्याय : 1**

रोगी उपचार

तंत्रिकाशरीरक्रियाविज्ञान अनुसंधान प्रयोगशाला द्वारा पुराने दर्द से पीड़ित चुनिंदा, रैफर किए गए रोगियों हेतु विद्युत शरीरक्रियाविज्ञानी बैटरी तथा बायोकैमिकल जांचों द्वारा उनकी पीड़ा और पीड़ा मॉड्यूलेशन का वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन प्रस्तावित किया गया। वर्ष के दौरान 82 रोगियों (फीब्रोमायलेजिया) का मूल्यांकन किया गया। ट्रांसक्रेनियल मेगनेटो थेरेपी द्वारा पीड़ा में सफलतापूर्वक राहत पहुंचाई गई।

ऑटोनोमिक फंक्शन लैब तथा वाहिका प्रकार्य प्रयोगशाला द्वारा रैफर किए गए रोगियों हेतु नैदानिक सुविधा प्रदान की गई। प्रयोगशाला द्वारा ऑटोनोमिक टोन क्वांटिफिकेशन तथा गैस्ट्रिक मॉटेलिटी (इलैक्ट्रोगैस्ट्रोग्राफी, ई जी जी की नॉन इनवेसिव रिकॉर्डिंग के साथ ऑटोनोमिक रीएक्टिविटी की नैमिक जांच प्रदान की गई। इस वर्ष 755 लोगों की ऑटोनोमिक फंक्शन जांच की गई जिसमें 699 रोगी सम्मिलित थे।

प्रसूति एवं स्त्रीरोग विज्ञान विभाग, अ. भा. आ. सं. में इन विट्रो फर्टिलाइजेशन और भ्रूण अंतरण (आई वी एफ और ई टी) के अधीन 40 रोगियों के फॉलिक्यूलर फ्लूड नमूनों में अड़तालीस (48) मार्करों हेतु इम्यूनोएस्सै प्रदान किए गए। अच्छी गुणवत्ता के डिम्बाणुजनकोशिकाओं तथा सफल गर्भधारण हेतु तटस्थ आधार वाले अग्रदर्शी मूल्यांकन तथा पूर्वानुमान के लिए इन आंकड़ों का विश्लेषण किया गया।

स्पाईन की संशोधात्मक शल्य चिकित्सा करवाने वाले रोगियों में स्पाईनल कोर्ड फंक्शन की मल्टीमॉडल इंट्राऑपरेटिव निगरानी प्रदान की गई (अस्थिरोग विभाग, अ. भा. आ. सं., नई दिल्ली)।

संपूर्ण स्वास्थ्य क्लिनिक (आई एच सी) - तनाव रहित केंद्र

अ. भा. आ. सं. से संकाय सदस्यों, छात्रों, रेजीडेंटों और उनके आश्रितों सहित स्टाफ सदस्यों को तनाव मुक्त रहने के लिए विशेष सत्रों का आयोजन किया गया। प्रत्येक सत्र दो सप्ताह, भोजन अवकाश के दौरान रोजाना एक घण्टे का था। इसमें लगभग 129 कर्मचारियों ने इसमें भाग लिया और इस सुविधा का लाभ उठाया।

चुने नए दाखिल विद्यार्थियों को नई चुनौतियों का सामना करने में मदद करने के लिए विशेष पाठ्यक्रमों का आयोजन किया गया। वर्ष 2011-12 के दौरान आई एच सी में कुल 18 एम्स छात्रों ने अपना पंजीकरण करवाया।

इसके अतिरिक्त आई एच सी मन - शरीर चिकित्सा का एक केंद्र है। आई एच सी एक बहिरंग रोगी सुविधा है जिसका उपयोग न केवल चिकित्सीय लाभों के लिए होता है बल्कि स्वास्थ्य चेतना को विकसित करने के एक भाग के रूप में भी होता है। इसमें वर्ष 2011-12 के दौरान ई. एच. सी. में कुल 225 (दो सौ पच्चीस) रोगियों ने पंजीकरण करवाया और इसका लाभ उठाया। इसमें एम्स के विभिन्न विभागों से रैफर किए गए चिरकारी रोगों (जैसे मधुमेह, क्रॉनिक डिप्रैशन, स्थूलता आदि) से ग्रस्त रोगों सम्मिलित थे।

विभाग ने निम्नलिखित केंद्रीय सुविधाएं प्रदान कीं :-

(1) ऑटोनोमिक फंक्शन एण्ड मस्क्यूलर फंक्शन

(2) बायोकैमिकल विश्लेषण

(3) कॉनफोकल माइक्रोस्कॉपी

(4) संपूर्ण स्वास्थ्य क्लिनिक

(5) आण्विक जीव विज्ञान

(6) पीड़ा मॉड्यूलेशन स्थिति, तथा

(7) चिरकारी पीड़ा वाले रोगियों हेतु ट्रांस क्रेनियल मेगनेटो थेरेपी

पुरस्कार, सम्मान एवं महत्वपूर्ण घटनाएं

आचार्य रश्मि माथुर को पारकिंसन रोग तथा अन्य गतिज विकारों पर 19वें डब्ल्यू एफ एन विश्व सम्मेलन के दौरान छात्र को पीएच. डी. के दौरान करवाए गए कार्य हेतु सर्वश्रेष्ठ अनुसंधान पुरस्कार प्रदान किया गया, 11-14 दिसंबर 2011, शंघाई, चीन; वे सदस्य, बी. बी. दीक्षित पुस्तकालय समिति, अ. भा. आ. सं., प्रभारी आचार्य, ट्रांसक्रेनियल मेगनेटो थेरेपी कार्यशाला अ. भा. आ. सं., विषय

विशेषज्ञ, शरीर क्रिया विज्ञान में स्नातकोत्तर अध्ययन मण्डल, पं. बी. डी. शर्मा यूनिवर्सिटी ऑफ हैल्थ साइंसिज़, रोहतक; सदस्य, बोर्ड ऑफ स्टडीज़ इन फीजियोलॉजी, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी; अध्यक्ष, तंत्रिकाविज्ञान में नवीन प्रवृत्तियों पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी तथा इण्डियन एकेडमी ऑफ न्यूरोसाइंसिज (आईएएन) का 29वें वार्षिक सम्मेलन, नई दिल्ली हैं, उन्होंने हाइपोक्सिया तथा इस्कैमिया में न्यूरोसिगनलिंग मैकेनिज्म पर संगोष्ठी की अध्यक्षता की; वे छत्रपति साहू जी महाराज मेडिकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ में सह आचार्य से आचार्य पद पर पदोन्नति के लिए चयन समिति की विषय विशेषज्ञ; मेडिकल काउंसिल ऑफ इण्डिया में शरीरक्रियाविज्ञान में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम हेतु मानक मूल्यांकन कार्य के संशोधन हेतु विषय विशेषज्ञ; सदस्य, बोर्ड ऑफ स्टडीज, शरीरक्रियाविज्ञान विभाग, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय; बोर्ड ऑफ स्टडीज़, शरीरक्रियाविज्ञान विभाग, जे. एन. मेडिकल कॉलेज, अलीगढ़ मुस्लिम विद्यालय; थीं।

आचार्य के. के. दीपक सदस्य, सलाहकार समिति, ऑल इण्डिया प्री-मेडिकल/प्री-डेन्टल प्रवेश परीक्षा, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सी बी एस ई); नोडल अधिकारी, नेशनल नॉलेज नेटवर्क (एन के एन), भारत सरकार नई दिल्ली; सलाहकार सदस्य, इंटरनेशनल प्रोग्राम एडवाइजरी कमेटी, दूसरे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन हेतु कार्यक्रम, बायोमेडिकल इंजीनियरिंग एण्ड एसिसटिव टेकनोलॉजी (बी ई ए टी एस) 2012; सदस्य, न्यूनतम मानक अपेक्षाएं (एम एस आर) संबंधी शैक्षिक परिषद् की उप-समिति, एम सी आई; विशेषज्ञ संकाय तथा सह - संयोजक पाठ्यक्रम कार्यान्वयन सहायक कार्यक्रम (सी आई एस पी) एम सी आई में क्षेत्रीय केंद्रों के संकाय हेतु कार्यशाला, नई दिल्ली; सी आई एस पी मॉड्यूलों पर चर्चा तथा उन्हें अंतिम रूप देने हेतु चार कोर समूह के सह संयोजक (कोर ग्रुप ऑन इंटीग्रेटिंग टीचिंग), एम सी आई, नई दिल्ली, विशेषज्ञ सदस्य, स्नातक पूर्व एम बी बी एस कार्यक्रम हेतु कोर्स के पाठ्यक्रम को विकसित करने हेतु समिति, भूटान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसिज (बी आई एम एस), भूटान; सदस्य, स्नातकपूर्व समिति (यू जी), एम सी आई, नई दिल्ली फिजियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ नेपाल (पी एस एन) को परामर्श मण्डल के सदस्य हैं। वे सदस्य, बाहरी तथा आंतरिक अनुसंधान (आई एस आर), योजनाओं हेतु योगा एवं नेचुरोपैथी की प्रस्तावों के लिए आंतरिक संवीक्षा समिति (आई एस सी), सेंट्रल काउंसिल फॉर रिसर्च इन योगा एण्ड नैचुरोपेथी (सी सी आर वाई एन), भारत सरकार, नई दिल्ली; सदस्य, शिक्षा समिति, इंटरनेशनल यूनियन ऑफ फिजियोलॉजिकल साइंसिज़ (आई यू पी एस); प्रभारी आचार्य, के. एल. विग आयुर्विज्ञान शिक्षा एवं प्रौद्योगिकी केंद्र, अ. भा. आ. अं.; सदस्य, शैक्षिक परिषद्, भारतीय खेल प्राधिकरण (एस ए आई), नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान (एन एस एन आई एस), पटियाला; समीक्षक, इण्डियन जरनल ऑफ मेडिकल रिसर्च, इण्डियन जरनल ऑफ फिजियोलॉजी एण्ड फार्माकोलॉजी, जरनल ऑफ पोस्टग्रेजुएट मेडिसिन, इन्टरनेशनल जरनल ऑफ योगा, नई दिल्ली हैं; वे सदस्य, संपादकीय मण्डल, इंटरनेशनल जरनल ऑफ योगा; सदस्य, एडवाइजरी बोर्ड ऑफ दि जरनल हैल्थ रीनाएसेन्स, बी. पी. कोइराला इंस्टीट्यूट ऑफ हैल्थ साइंसिज़, धरन, नेपाल हैं वे संपदाकीय मण्डल के कार्यकारी सदस्य; अल असीम जरनल ऑफ मेडिकल साइंसिज़, भारत हैं; साथ ही वे विशेषज्ञ सदस्य, पीयर रीव्यू कमेटी, 'ह्यूमन परफोरमेंस इनहान्समेंट अण्डर डिफरेंट ऑपरेशनल इन्वायरमेंट्स' नामक 11वीं पंचवर्षीय योजना की परियोजना की छमाही समीक्षा, डी आई पी ए एस, डी आर डी ओ, नई दिल्ली; विशेषज्ञ सदस्य, सेन्ट्रल काउंसिल फॉर रिसर्च इन योगा एण्ड नेचुरोपैथी (सी सी आर वाई एन) में सर्च कम पीयर रीव्यू कमेटी; सदस्य, भण्डार खरीद समिति, अ. भा. आ. सं. हैं।

आचार्य एच. एन. मल्लिक वर्ष 2009-12 के एशियन स्लीप रिसर्च सोसायटी की वैज्ञानिक समिति के अध्यक्ष थे; उन्होंने वर्ल्डस्लीप कांग्रेस 2011, 20 अक्तूबर 2011, क्योटो इंटरनेशनल कन्वेन्शन सेंटर, क्योटो, जापान में 'न्यू लूक इन टू प्री ऑप्टिक एरिया फंक्शन' नामक एक संगोष्ठी का आयोजन किया और उसकी अध्यक्षता की; वे ध्यान रिजेंसी, मुंबई में 10-11 दिसंबर 2011 को आयोजित राष्ट्रीय निद्रा चिकित्सा पाठ्यक्रम 2009 के पाठ्यक्रम निदेशक थे। वे अध्यक्ष, इण्डियन सोसायटी फॉर स्लीप रिसर्च; वित्त सचिव, एसोसिएशन ऑफ फिजियोलॉजिस्ट्स एण्ड फार्माकोलॉजिस्ट्स ऑफ इण्डिया (ए पी पी आई); विशेषज्ञ, चयन समिति नए अ. भा. आ. सं. हैं; साथ ही वह सह संपादक, फ्रंटियर्स इन न्यूरोलॉजी; प्रभारी आचार्य, बलदेव सिंह निद्रा प्रयोगशाला, नई दिल्ली हैं।

आचार्य डी. घोष, कार्यकारी संपादक, इण्डियन जरनल ऑफ फिजियोलॉजी एण्ड फार्माकोलॉजी (आई जे पी पी), नई दिल्ली; सदस्य, संपादक मण्डल, क्लिनिकल केमिस्ट्री एण्ड लैबोटरी मेडिसिन (सी सी एल एम) थे। वे आमंत्रित सदस्य,

यूरोपियन सोसायटी ऑफ फार्माकोजिनोमिक्स एण्ड थेरानोस्टिक्स (ई एस पी टी) थे। वह सर्वक्षेष्ठ समीक्षक 2011-12 मानव प्रजनन थे। उनके संबंधित अनुसंधान क्षेत्रों में दो पत्र (घोष, एट ऑल 2009; घोष एट ऑल. 2011) सर्वश्रेष्ठ थे, जिनका सर्वेक्षण बायोमेडलिब द्वारा किया गया था; वे प्रभारी आचार्य, आण्विक जीव विज्ञान प्रयोगशाला; प्रभारी आचार्य, कॉनफोकल माइक्रोस्कॉपी प्रयोगशाला; प्रभारी आचार्य, बायोकैमिकल अनुसंधान प्रयोगशाला हैं।

डॉ. आर. के. यादव सचिव, संकाय - क्लब अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली थे; वे कार्यकारी सदस्य, फैकल्टी एसोसिएशन, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली थे वे अनुसंधान स्टाफ की नियुक्ति हेतु अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की चयन समिति के सदस्य थे। वह विभागीय निराकृत बोर्ड, कैफेटेरिया विभाग, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली के अध्यक्ष थे।

अतिथि वैज्ञानिक

1. डॉ. मरकड वी. कामत, पी. एच. डी., सह - आचार्य, काय चिकित्सा विभाग, मैकमास्टर विश्वविद्यालय, हैमिल्टन, कनाडा ने एल टी - 1, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली में दिनांक 12 मई 2011 को 'हृदय दर विविधता तथा इसके नैदानिक अनुप्रयोग' पर एक वार्ता प्रस्तुत की।
2. आचार्य डेनिस नोबल, ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय, ऑक्सफोर्ड, यूनाइटिड किंगडम ने दिनांक 13-17 दिसंबर 2011 के दौरान शरीरक्रियाविज्ञान विभाग, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली का दौरा किया।
3. आचार्य बर्थहोल्ड हपरटज, इंस्टीट्यूट ऑफ सैल बायोलॉजी, हिस्टोलॉजी एण्ड इम्ब्रयोलॉजी, मेडिकल यूनिवर्सिटी ऑफ ग्राज, ग्राज ने दिनांक 13-17 दिसंबर 2011 को शरीरक्रियाविज्ञान विभाग, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली का दौरा किया।

9.32 मनोचिकित्सा

आचार्य एवं अध्यक्ष

रजत रे

आचार्य

मंजू मेहता	एस. के.	खण्डेलवाल
आर. के. चड्डा		प्रताप शरण

अपर आचार्य

राजेश सागर

सह - आचार्य

नंद कुमार	ममता सूद

विशिष्टताएं

विभाग सामान्य अस्पतालों तथा समुदायों में मानसिक स्वास्थ्य तथा सेवाएं प्रदान करने में अग्रसर रहा है। विभाग द्वारा सामान्य वयस्क मनोचिकित्सा, बच्चे एवं किशोर मनोचिकित्सा, परामर्श संपर्क मनोचिकित्सा तथासामुदायिक सेवाओं के क्षेत्र में बहु विषयक सेवाएं प्रदान की गई। समीक्ष्य वर्ष के दौरान विभाग में लगभग 50,000 रोगियों को देखा तथा उपचार किया गया। स्थान के उचित उपयोग के लिए वर्ष 2011-12 में अंतरंग रोगी यूनिट का पुनर्निर्माण कार्य किया गया। विभाग को न्यूरो नेवीगेशन सुविधा से जोड़कर समीक्ष्य वर्ष के दौरान आर टी एम एस की सेवाओं से अद्यतन किया गया है तथा एक नवीन तंत्रिका शरीरक्रिया विज्ञान प्रयोगशाला को भी स्थापित किया गया है। केंद्र की सुविधा ने विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बैठकों में विशेषज्ञ व्यक्तियों की तरह कार्य किया। विभाग ने राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय सरकारी तथा व्यावसायी निकायों में मुख्य स्थान प्राप्त किया तथा प्रसिद्ध समकक्ष समीक्ष्य पत्रिकाओं में संपादकीय बोर्ड तथा बहुत से संकाय सदस्यों ने व्यावसायिक सम्मान तथा पुरस्कार प्राप्त किए।

शिक्षा

स्नातक पूर्व प्रशिक्षण

एम. बी. बी. एस.

- थ्योरी / प्रदर्शन : 44 घण्टे (3 सितंबर को 24 घण्टे, 6 सितंबर को 14 घण्टे तथा 8 सितंबर 6 घण्टे)
- समुदाय (सी आर एच एस पी बल्लभगढ़) में प्रदर्शन : 10 घण्टे (7 सितंबर)
- नैदानिक पोस्टिंग : 60 दिन (4 / 5 वें सत्र में 20 दिन तथा 6/8 वें सत्र में 40 दिन)

बी एस सी नार्सिंग

- कुल मिलाकर : 2 सत्र में 38 घण्टे

पी एच डी तथा स्नातकोत्तर प्रशिक्षण

- पत्रिका विचार विमर्श : प्रत्येक सप्ताह में एक बार
- सेमिनार : एक बार, प्रत्यके सप्ताह

- केस सम्मेलन : एक बार, प्रत्येक सप्ताह
- संकाय / स्टाफ प्रस्तुतीकरण : एक बार, प्रत्येक सप्ताह
- सी सी आर तथा सी जी आर : एक बार, प्रत्येक सत्र
- मनोचिकित्सा पर्यवेक्षण : स्नातकोत्तर मनोरोग विज्ञान तथा डॉक्टर स्तर के नैदानिक मनोविज्ञान छात्रों हेतु
- परामर्श का सर्वेक्षण : मनोचिकित्सा में जूनियर रेजीडेंट्स हेतु संपर्क प्रशिक्षण
- अस्पताल तथा समुदायों में आयुर्विज्ञान स्नातकपूर्व का निर्धारण

क्रमिक आयुर्विज्ञान शिक्षा

विभाग द्वारा आयोजित क्रमिक आयुर्विज्ञान शिक्षा / कार्यशालाएं / संगोष्ठी / राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

- तनाव पहचान यंत्र के क्रोस कल्चर्ल विकास पर वि. स्वा. सं. - एस ई ए आर ओ बैठक, वि. स्वा. सं. एस ई ए आर ओ बैठक, वि. स्वा. सं. - एस ई ए आर ओ कार्यालय दिल्ली (24-26 अगस्त 2011; 22-23 सितंबर 2011) समवयकर्ता : प्रताप शरण, राजेश सागर)।
- वि. स्वा. सं. / सिरो तनाव पहचान यंत्र हेतु मध्यावधि समवय बैठक, ढाका, बंग्लादेश, 19-20 अक्तूबर 2011 (समवयकर्ता : प्रताप शरण, राजेश सागर)
- "मनोचिकित्सा में एक मनो - शैक्षिक खोज की योजना कैसे बनाएं पर कार्यशाला। भारतीय मनोचिकित्सा सोसायटी की 64वीं वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन, कोच्चि, 19-22 जनवरी 2012 (समंवकर्ता आर के चड्डा)
- "मानसिक स्वास्थ्य कार्य" पर संगोष्ठी, भारतीय मनोचिकित्सा सोसायटी का 64वां वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन, कोच्चि, 19-22 जनवरी 2012 (समंवकर्ता : आर सागर एवं आर के चड्डा)।

प्रदत्त व्याख्यान

मंजू मेहता : 2
आर के चड्डा : 8
प्रताप शरण : 14
राजेश सागर : 14

अनुसंधान अधिकारी / पी एच डी / छात्र / रैजीडेंट्स : 10

अनुसंधान

वित्त पोषित परियोजनाएं

जारी

1. प्राथमिक फिब्रोमायलजिया संलक्षण में किशोर के साथ नवयुवकों में ड्यूलोक्सिटिन 30/60 मि. ग्रा. दिन में एक बार बनाम प्लेसिबो का प्रभाव (प्रोटोकोल एफ 1 जे - एम सी - एच एम जी डब्ल्यू) पी शरण, आर सागर, इली लिली, 2011-14, रुपए 20 लाख।
2. सीरो हेतु एक तनाव पहचान यंत्र का क्रॉस कल्चरल विकास पी शरण, आर सागर, वि. स्वा. सं. - साउथ ईस्ट एशिया रिजनल ऑफिस, 2010-12, रुपए 10 लाख।
3. सीरो हेतु तनाव पहचान यंत्र की फील्ड जांच। पी शरण, आर सागर, वि. स्वा. सं. - साउथ ईस्ट एशिया रिजनल ऑफिस, 2012-13, रुपए 9 लाख।

4. सीरो हेतु सायकोसिस पहचान यंत्र का विकास। पी शरण, आर सागर, वि. स्वा. सं. - साउथ ईस्ट एशिया रिजनल ऑफिस, 2012-13, रुपए 8 लाख।

5. बृहत डिप्रेसिव विकार तथा मेनिया वाले रोगियों में प्रकार्यात्मक चुम्बकीय अनुवाद इमेजिंग (एफ एम आर आई) का प्रयोग तथा न्यूरो कांगिनिटिव। आर सागर, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, (डी एस टी), 2010-13, रुपए 38 लाख।

6. अटेंटशन डिफिक्ट / हाइपरएक्टिविटी विकार (ए डी एच डी) में एक नोवल न्यूरोप्लास्टिसिटी आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम में रेमिडिएट कांगिनिटिव कंट्रोल डिफिक्टस का मूल्यांकन आर सागर, ब्रेन प्लास्टिसिटी इंस्टीट्यूट, सेन फ्रेंससिसको, 2012, रुपए 5 लाख।

7. बायपोलर विकार में कांगिनिटिव प्रकार्य तथा सीरम ब्रेन ड्राइव्ड न्यूरोट्रॉफिक कारक का निर्धारण। एक वर्षीय नेचुरलाइस्टिक फालोअप अध्ययन। आर सागर, डी एस टी, 2012-14, रुपए 25 लाख।

पूर्ण

1. सीरो हेतु तनाव पहचान यंत्र का विकास। पी शरण, आर सागर, वि. स्वा. सं. - साउथ ईस्ट एशिया रिजनल ऑफिस, 2010-11, रुपए 9 लाख।

2. रोग के अंतरराष्ट्रीय वर्गीकरण के सुधार हेतु फोर्मेटिव फील्ड अध्ययन (अध्याय 5) पी शरण, विश्व स्वास्थ्य संगठन, 2010-12।

3. समुदाय आधारित प्राथमिक उपचार स्थानों में सायकोसिस के सोशियो कल्चरल, अयोग्यता तथा पहचान पर समीक्षा। पी शरण, आर सागर, वि. स्वा. सं. - साउथ ईस्ट एशिया रिजनल ऑफिस, 2010-11।

4. बच्चों के स्वास्थ्य पर समुदाय आधारित परियोजना की संभाव्यता पर समीक्षा। आर रे, ए धवन एम मेहता, पी शरण, विश्व स्वास्थ्य संगठन - सीरो कार्या; 2010-11।

5. 'बच्चों में तंत्रिका विकास आयोग्यता' पर अनुसंधान परियोजना हेतु ऑटिज्म तथा ए डी एच डी पर वैधीकरण अध्ययन। आर सागर इंटरनेशनल क्लीनिकल एपिडिमियोलॉजिकल नेटवर्क (आई एन सी एल ई एन), तथा एम ओ एस एवं जे ई।

विभागीय परियोजनाएं

1. विशिष्ट ज्ञान विकारों से पीड़ित बच्चों तथा किशोरों में एफ एम आर आई का अध्ययन (डिसलेक्सिया)।

2. यूथेमिक बाइपोलर विकार - आई रोगियों, जोखिम पर प्रथम डिग्री संबंधी तथा युग्म अनुरूप व्यक्तियों में मनोसामाजिक प्रकार्य, तंत्रिका मनोविज्ञानी प्रकार्य तथा कार्यात्मक न्यूरोइमेजिंग बायोमार्करों के मूल्यांकन हेतु एक तुलनात्मक अध्ययन।

3. हाइपोपेराथायरोडिज्म से पीड़ित रोगियों में कांगिनिटिव प्रकार्य तथा जीवन की गुणवत्ता का निर्धारण।

सहयोगी परियोजनाएं

जारी

1. तनाव में फंक्शनल सोमेटिक लक्षणों की व्यापकता तथा फीनोमेनोलॉजी पर बहुकेंद्रीय अध्ययन। आर के चड्डा (एम्स साइट) इण्डियन सायकेट्रिक सोसायटी द्वारा वित्त पोषित।

2. मोटापे से पीड़ित बच्चों में न्यूरो कांगिनिटिव प्रकार्य। एम मेहता, इनक्लेन द्वारा वित्त पोषित।

3. सिजोफेरेनिया ह्यूमैन कॉम्पलैक्स डिसॉर्डर हेतु डेसिफेयरिंग जीनोटाइप फीनोटाइप सह संबंध में एक संपूर्ण जैव विज्ञानी एप्रोच। आर के चड्डा, एम सूद इंस्टीट्यूट ऑफ जीनोमिक्स एण्ड इंटीग्रेटिव बायोलॉजी द्वारा वित्तपोषित (इंस्टिट्यूट ऑफ जीनोमिक्स एण्ड इंटीग्रेटिड बायोलॉजी के साथ)।

4. प्री पल्स इनहिबिशन पेराडिगम, मिसमैच नेगेटिव एण्ड लॉग लेटेन्सी इवैंट संबंधी संभाव्यताओं का प्रयोग डिसलेक्सिक बच्चों में फोनेम्स तथा टोन्स के प्री एटेंटिव तथा एटेंटिव प्रक्रिया का अध्ययन। आर सागर। डी एस टी द्वारा वित्त पोषित (शरीर क्रिया विज्ञान विभाग के साथ)।

5. किशोरों में तनाव के नैदानिक मेनीफेस्टेशन में न्यूरोट्रॉफिन, सायटोकाइंस, तथा आनुवंशिक पोलिमोर्फिज्म की भूमिका। आर सागर, डी एस टी द्वारा वित्त पोषित (शरीर क्रिया विज्ञान विभाग के साथ)।

6. सिजोफेरेनिया के भेषजआनुवंशिकी पर बहु केंद्रीक परियोजना आर सागर। आई सी एम आर द्वारा वित्त पोषित (तंत्रिका रसायन विज्ञान विभाग के साथ)।

7. चिरकारी आईडियोपैथिक आइसोलेटिड हाइपोपेराथायरोडिज्म से पीड़ित रोगियों में इमपेयर्ड कांगनिशंस की व्यापकता (अंतः स्राविकी विज्ञान विभाग के साथ)।

8. सूचना पुस्तिका को ध्यान में रखते हुए दिल्ली में चयनित स्कूलों में यौवनारंभ के परिवर्तनों संबंधी स्कूली बच्चियों में तनाव तथा कोपिंग नितियों के निर्धारण हेतु अध्ययन (नर्सिंग महाविद्यालय के साथ)।

9. रिनोप्लास्टी करवा रहे रोगियों का नैदानिक तथा मनोवैज्ञानी मूल्यांकन (नाक, कान एवं गला रोग विज्ञान विभाग के साथ)।

10. नॉन एपिलेप्टिक घटनाओं से पीड़ित बच्चों में नैदानिक स्पैक्ट्रम (बाल चिकित्सा विभाग के साथ)।

11. मेश फिक्शेसन की विभिन्न तकनीकों वाले छेदन तथा वेंट्रल हार्निया के लेप्रोस्कॉपिक उपचार के पश्चात् दीर्घ अवधि परिणाम, चिरकारी दर्द, जीवन की गुणवत्ता तथा लागत प्रभावकता की तुलना करते हुए एक अग्रदर्शी यादृच्छिक नियंत्रित अध्ययन एक पायलट अध्ययन (शल्य चिकित्सा विभाग के साथ)।

12. स्पाउसल वृक्क प्रतिरोपण समूह में दाता तथा प्राप्तकर्ता के जीवन की गुणवत्ता पर वृक्क प्रतिरोपण के प्रभाव का मूल्यांकन (शल्य चिकित्सा विभाग के साथ)।

पूर्ण

1. तनाव से पीड़ित किशोरों में सीरम इंटरल्यूकिन स्तरों पर योग तथा नेचुरोपैथी का प्रभाव। आर सागर, आयूष।

2. केवल मानक उपचारों की तुलना में डिप्रेसिव विकार वाले रोगियों पर मानक उपचार के साथ श्वसन तकनीक (एस के वाई) का प्रभाव। आर सागर, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् (आई सी एम आर)।

3. लेप्रोस्कोपिक इंगयूनल हार्निया उपचार में हल्के भार बनाम ज्यादा भार मेश में गंभीर ग्रोइन दर्द तथा जीवन की गुणवत्ता की तुलना करते हुए एक यादृच्छिक नियंत्रित परीक्षण (शल्य चिकित्सा विभाग के साथ)।

4. एल्जाइमर्स दवा चिकित्सा विज्ञान की भेषजानुवंशिकी। आर सागर, आई सी एम आर (तंत्रिका जैव रसायन विज्ञान विभाग के साथ)।

प्रकाशन

पत्रिकाएं : 49 पुस्तकों में अध्याय : 3 पुस्तकें तथा मोनोग्राफ्ट / रिपोर्ट : 4

रोगी उपचार

ओ पी डी तथा विशिष्ट क्लीनिक्स उपस्थिति (मनोचिकित्सा एम्स)	**नए रोगी**	**पुराने रोगी**	**कुल**
सामान्य ओ पी डी			
वॉक - इन क्लीनिक	12353	30069	42422
विस्तृत निर्धारण	1790	-	1790

विशिष्ट क्लीनिक

बाल मार्गदर्शन	507	570	1087
औषध व्यसन क्लीनिक	119	1605	1724
ई एच एस उपस्थिति	1863	-	1863
कुल	**16632**	**32244**	**48876**

प्रयोगशाला जांच : सीरम लिथियम 628

पुरस्कार, सम्मान एवं महत्वपूर्ण घटनाएं

प्रो. मंजू मेहता ने इण्डियन एसोसिएशन फॉर चाइल्ड एण्ड एडोलसेंट मेंटल हेल्थ पर अध्यक्षीय संबोधन दिया, बेंगलौर (17-19 नवंबर 2011); जनवरी 2012 में इण्डियन एसोसिएशन ऑफ क्लीनिकल सायकोलॉजिस्ट की अध्यक्ष रहीं; नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एण्ड न्यूरोसाइंस, बेंगलौर की प्लानिंग एवं निगरानी समिति की सदस्य; शैक्षिक परिषद्, बिहार विश्व विद्यालय (पटना); शैक्षिक परिषद्, हैदराबाद विश्वविद्यालय (हैदराबाद); बोर्ड ऑफ विजिटर्स, इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमन बिहेवियर एण्ड एलाइड साइंसिज (नई दिल्ली); केंद्रीय विश्वविद्यालय, पटना के कार्यक्रम में मास्टर्स हेतु पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए बिहेवियरल एण्ड कांगिनिटिव साइंसिज की विशेषज्ञ समिति की पहली बैठक में भाग लिया (15-16 अप्रैल 2011); चैन्नई में नए प्रस्तावित कार्यक्रम में जारी एम फिल, नैदानिक मनोविज्ञान पाठ्यक्रम तथा प्रशिक्षण के निर्धारण के संचालन करने हेतु रिहेबिलिटेशन ऑफ इण्डिया के चेयरमेन द्वारा आमंत्रित (21-22 मार्च 2012); संघ लोक सेवा आयोग तथा निमहंस (बेंगलोर) में साक्षात्कार में सहायता की; नेशनल ज्यूडिशियल अकेडमी द्वारा आयोजित श्री लंकन जजों हेतु विकसित शैक्षिक कार्यक्रमों हेतु विशिष्ट व्यक्ति, भारत (भोपाल, 9 अगस्त 2011)।

